# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 7 जून 2024




# ALLEN ONLINE PROGRAMS

**Result NEET(UG) 2024**

## एक सर्जन ने इनकी नानी की जान बचाई। अब वह खुद हज़ारों लोगों की जान बचाने की राह पर है।

बचपन से ही मेहनती, सार्थ अपने डॉक्टर पिता से प्रेरित होकर चिकित्सा पेशे का अत्यधिक सम्मान करते थे। जब वह 16 वर्ष के थे, तब उनकी नानी को अचानक कैंसर हुआ और एक ऑन्कोलॉजिस्ट ने सर्जरी से उनकी जान बचाई। तब से सार्थ ने ठान लिया की उन्हें सर्जन ही बनना है।

अपने माँ बाप के साथ घर पर रहकर ही NEET की तैयारी करने की इच्छा के साथ, उन्होंने कक्षा 11 में **ALLEN Online Programs** में दाखिला लिया। जहाँ शिक्षकों से मिले व्यक्तिगत मार्गदर्शन से उनके सर्जन बनने की यात्रा की शुरुआत हुई।

आज, उन्होंने **NEET (UG) 2024 में 715/720 अंक** और **AIR 252** प्राप्त की है। हमे गर्व है कि सार्थ, **ALLEN परिवार** का हिस्सा है!



Scan the QR code to watch Sarth Prashant Patil talk about his incredibly inspirational journey.

**SARTH PRASHANT PATIL**
Tasgaon, Maharashtra

715/720 **AIR 252** Live Online Program

## अब आप भी घर से पढ़कर **सरकारी कॉलेज** से डॉक्टर बनने का **सपना** साकार कर सकते है

**5 students secured AIR 1** | **539** have scored 650 and above | **9** in every 10 students qualified | ALLEN NEET(UG) 2024 Results Certified by EY (Official result validator) Building a better working world




And many more students.




### Give your prep the ALLEN App Advantage

- LIVE classes with top Kota faculty
- Customised practice based on NCERT syllabus
- 1:1 mentorship and guidance
- Personalised improvement plan
- 24/7 doubt resolution

### Online Test Series with SmartPractice

- AIR benchmarking
- Follow the latest exam pattern & syllabus
- Curated 5,000+ practice questions
- Personalised study tools on the ALLEN app

Starting at ₹5,499

**ALLEN**
+91-9513736499
www.allen.in

Join Online Programs for **NEET Repeaters.**
Batches starting from June 18
Get up to 90% scholarship based on your NEET score

Hurry! Admissions open. Scan code to register

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing.

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 7 जून 2024


151 मैच, 94 गोल

## महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने लिया संन्यास



कोलकाता। भारत के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री को आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच में टीम इंडिया स्वर्णिम विदाई देने में कामयाब नहीं हो सकी। उन्होंने संन्यास का ऐलान पिछले महीने ही किया था। मैच के बाद सुनील छेत्री भावुक हो गए।

| | |
|---|---|
| 19 | साल का कॅरियर खत्म |
| 2005 | में किया था डेब्यू |






**नौ जून को शपथ ले सकती है एनडीए की नई सरकार**

- 543 सदस्यीय लोकसभा
- 272 बहुमत का आंकड़ा
- 293 एनडीए के सांसद

# एनडीए सांसद मोदी को चुनेंगे नेता, चंद्रबाबू और नीतीश के साथ करेंगे राष्ट्रपति से मुलाकात

*केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को एक बैठक की। इसमें नई सरकार को लेकर मंथन किया गया। इस बीच नरेंद्र मोदी को नेता चुनने के लिए शुक्रवार को भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होगी। मोदी के राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद तेदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यू) के प्रमुख नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। ऐसी चर्चा है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण 9 जून को शाम 6 बजे हो सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा नीत एनडीए सरकार बनाने की प्रक्रिया में जुट चुकी है। नतीजों के बाद नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। इस शपथ समारोह से पहले आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बैठक बुलाई गई।

इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत कई अन्य नेता भी मौजूद रहे। संसद के सेंट्रल हाल में शुक्रवार सुबह 11 बजे एनडीए संसदीय दल की बैठक होगी। इसमें एनडीए के सभी घटक दलों के अध्यक्ष, एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, एनडीए के सभी सांसद मौजूद रहेंगे। सूत्रों ▶▶| शेष पेज 4 पर

- संसद के सेंट्रल हॉल में आज होगी एनडीए सांसदों की बैठक
- नई सरकार के गठन को लेकर शाह-राजनाथ की मौजूदगी में हुई बैठक



### इन मुद्दों पर चर्चा

भाजपा की बैठक में गठबंधन पार्टियों का मंत्रिमंडल में स्थान से लेकर पार्टियों के नेताओं के चयन जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर एनडीए की शुक्रवार को बैठक होने की संभावना है। अगले हफ्ते तक नई सरकार के शपथ लेने की उम्मीद है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गठबंधन पार्टियों के साथ एक बैठक की।

### दो पार्टियों पर निर्भर नई सरकार

भाजपा की सहयोगी पार्टी जनता दल (यू) के नेताओं ने भी पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ विचार विमर्श किया। हालांकि, अबतक क्षेत्रीय पार्टियों ने किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। क्षेत्रीय पार्टियां केंद्रीय सरकार में कई अहम मंत्री पद की मांग कर सकते हैं। एनडीए गठबंधन में 19 सांसदों के साथ तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के साथ सबसे बड़ी पार्टी और 12 सांसदों के साथ जनता दल दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के नेतृत्व वाली नई सरकार इन दो पार्टियों पर निर्भर हैं।

### कुछ राज्यों को छोड़कर आचार संहिता खत्म

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए देश में लगाई आचार संहिता को खत्म कर दिया है। जिस प्रदेशों में अभी विधान परिषद के चुनाव होना हैं, वहां आचार संहिता लागू रहेगी। देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए। मंगलवार को लोकसभा चुनाव का परिणाम चुनाव आयोग ने घोषित किया। लोकसभा चुनाव के दौरान देशभर में चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू की थी। जिसे गुरुवार को हटा ▶▶| शेष पेज 4 पर

## छग के 10 सांसद रायपुर पहुंचे सीएम के साथ रवाना हुए दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य में 10 लोकसभा सीटों पर परचम लहराने के बाद गुरुवार को भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें नवनिर्वाचित सांसदों के साथ भाजपा के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की। बैठक में सभी को शुभकामनाएं दी गईं। शुक्रवार को सभी सांसद दिल्ली में एनडीए ▶▶| शेष पेज 4 पर



- सीएम साय बोले- प्रदेश में भाजपा ने कांग्रेस के बड़े-बड़े सूरमा को चूरमा बना दिया
- भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में मुख्यमंत्री हुए शामिल

### तकनीकी कारणों से इंडिगो और विस्तारा की फ्लाइट देर से उड़ी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नव निर्वाचित भाजपा सांसद देर शाम इंडिगो और विस्तारा की फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुए। दोनों विमान तकनीकी कारणों से विलंब से रवाना हुए। दरअसल, रात 8.15 बजे उड़ान भरने वाली विस्तारा की फ्लाइट को तकनीकी गड़बड़ी की वजह से रनवे से वापस लाना पड़ा। इस विमान से भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महेश ▶▶| शेष पेज 4 पर

**भीषण गर्मी से राहत**

## 96 घंटे बाद छग में प्रवेश करेगा मानसून, इसके 72 घंटे बाद रायपुर में एंट्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नौतपा में भीषण गर्मी का सामना करने वाले छत्तीसगढ़ को अंततः थोड़ी राहत मिल गई है। प्रदेश में प्री मानसून गतिविधियां प्रारंभ हो गई हैं। सुकमा में 3 सेमी और अंबागढ़ चौकी में 2 सेमी वर्षा सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश दर्ज की गई है। इस बार मानसून तय वक्त से ▶▶| शेष पेज 4 पर

### छाए रहेंगे बादल

राजधानी सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आज आसमान आंशिक मेघमय रहेगा। गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा भी संभावित है। गुरुवार को सर्वाधिक तापमान 42.6 डिग्री दुर्ग में दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक 42.3 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक 29.3 डिग्री दर्ज किया गया।

### जानिए कहां तक पहुंचा है मानसून

दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, कर्नाटक के अधिकतर हिस्सों, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के अधिकतर हिस्सों और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून की उत्तरी सीमा रत्नागिरी, सोलापुर, मेडक, भद्राचलम, विजयनगरम और ▶▶| शेष पेज 4 पर

**छूट में लूट के कई तरीके**

## आयुष्मान के मरीज आईसीयू में इसलिए ताकि 2100 रु. की जगह 8500 शुल्क वसूल सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

सरकार ने गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान के जरिए पिटारा खोला है, लेकिन इस पिटारे से मरीजों से ज्यादा अस्पतालों को फायदा हो रहा है। सरकार की इस छूट पर लूट के लिए कई तरीके अजमाए जा रहे हैं। नोडल एजेंसी को मिली शिकायतों में कई अस्पतालों की पैंतरेबाजी सामने आई है। बताया जा रहा है कि कई तरीकों में से एक आसान तरीका आईसीयू का रास्ता है।

जनरल वार्ड में 2100 की जगह आईसीयू में मरीजों को रखकर 8500 का बिल बनाना अस्पतालों के लिए आसान और फायदेमंद है। इस साल के आंकड़े बताते हैं कि आयुष्मान कार्ड के जरिए ▶▶| शेष पेज 4 पर



### आईसीयू के क्लेम ज्यादा

सूत्रों का कहना है कि निजी अस्पतालों द्वारा ज्यादातर क्लेम मरीजों के आईसीयू में इलाज और डायग्नोसिस टेस्ट के नाम पर किया जाता है। इसकी वजह इसका पैकेज अधिक होना है। योजना में शासन द्वारा सामान्य शिकायतों पर इलाज के लिए जनरल वार्ड में दवाओं सहित 21 सौ ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ऐसे करते हैं गड़बड़झाला

- पैकेज में केवल बेड चार्ज दिखाकर मरीजों से दवाओं और जांच की वसूली।
- दिक्कत बताकर परिजनों से अतिरिक्त पैसे की डिमांड।
- पैकेज की राशि कम और इलाज का खर्च ज्यादा बताकर बड़ा बिल थमाना।

### तीस फीसदी मरीज निजी अस्पताल में

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में 70 प्रतिशत क्लेम यानी 10.92 लाख हितग्राहियों ने योजना के तहत सरकारी अस्पताल में अपना इलाज करवाया था। निजी अस्पताल में तीस प्रतिशत उपचार के लिए आए थे। पिछले साल स्वास्थ्य योजना के लिए आठ सौ करोड़ का बजट था जो 23 सौ करोड़ तक पहुंच गया था।






**चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर नवनिर्वाचित सांसद से बदसलूकी**

# कंगना को मारा थप्पड़, सिपाही बोली- किसान आंदोलन पर की थी टिप्पणी, वहां मेरी मां भी थी

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़/नई दिल्ली

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक महिला सिपाही ने गुरुवार को दिल्ली जा रही भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित रूप से थप्पड़ मार दिया। रनौत ने इंस्टाग्राम पर स्टेटस डालकर आरोप लगाया है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की एक महिला सिपाही ने उन्हें थप्पड़ मारा है। इसके बाद अब आरोपी महिला गार्ड का भी रिएक्शन सामने आ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक महिला सिपाही किसान आंदोलन के वक्त कंगना रनौत की ओर से दिए बयान से नाराज थीं। उन्होंने कहा, कंगना रनौत ने बयान दिया था कि किसान 100 ▶▶| शेष पेज 4 पर





### कंगना ने शेयर किया वीडियो

कंगना ने वीडियो में कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं, लेकिन पंजाब में बढ़ते आतंकवाद को लेकर चिंतित भी हैं। कंगना ने दिल्ली पहुंचने के बाद बयान जारी कर कहा कि महिला सिपाही उनकी ओर आई। कंगना ने कहा, उसने मुझे थप्पड़ मारा और मुझे गाली देनी शुरू कर दी। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने वाली कंगना ने कांग्रेस के प्रत्याशी को 74 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

### बोली थीं 100 रुपए में किसान आंदोलन में बैठती हैं महिलाएं

थप्पड़ मारने वाली आरोपी महिला सिपाही का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में आरोपी सिपाही कुलविंदर कौर कहती दिख रही है कि कंगना ने बोला था किसान आंदोलन में 100-100 रुपए में महिलाएं बैठती थीं। वहां मेरी मां भी थी। इसके साथ ही ये भी सामने आया है कि सीआईएसएफ की आरोपी महिला कर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।



हरिभूमि रण भूमि लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



नई दिल्ली। अकेले दम पर पूर्ण बहुमत से बीजेपी के चूकने के बाद भी नरेंद्र मोदी, अपने सहयोगियों नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। लेकिन इन सहयोगियों की छवि बीच सफर में नाव बदलने की रही है। ऐसे में 17 ऐसे सांसद जो न एनडीए से हैं और नहीं इंडिया से... उनकी भूमिका अहम हो जाती है, जो जरूरत पड़ने पर मोदी सरकार के लिए खेवनहार साबित हो सकते हैं। आइए, जानते हैं इनके बारे में...

# निर्दलीय सांसद बन सकते हैं भविष्य में मोदी सरकार के खेवनहार

## इस बार संसद में पहुंचे हैं 17 ऐसे सांसद जो न एनडीए से हैं और न ही इंडिया से

**बिहार के पूर्णिया से राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव।** वह भले ही इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़े और जीते लेकिन बुधवार को वह गठबंधन की बैठक में शामिल हुए। उनके एनडीए की तरफ जाने का सवाल ही नहीं है।

**विशाल दादा प्रकाश बाबू पाटिल।** सांगली (महाराष्ट्र) से सांसद चुने गए हैं। कांग्रेस के बागी हैं। मोदी सरकार को समर्थन दे भी सकते हैं, नहीं भी।

**अमृत पाल सिंह।** खुल्लमखुल्ला अलगाववाद का समर्थक है। पंजाब के खडूर साहिब से जीता है। 'वारिस पंजाब दे' का सरगना है और अभी एनएसए के तहत असम की जेल में बंद है। एनडीए में शामिल होने का सवाल ही नहीं।

**सरबजीत सिंह खालसा।** इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा और खालिस्तान समर्थक। पंजाब के फरीदकोट से चुनाव में जीत हासिल की। एनडीए में शामिल होने का सवाल ही नहीं।

**उमेशभाई बाबूभाई पटेल।** दमन और दीव से निर्दलीय सांसद। पेशे से बिजनसमैन पटेल ने बीजेपी के तीन बार के सांसद लालू भाई पटेल को शिकस्त दी है। बीजेपी के साथ जा भी सकते हैं और नहीं भी।

**अब्दुल रशीद शेख उर्फ रशीद इंजीनियर।** कट्टर पाकिस्तान परस्त और अलगाववादी। अभी टेरर फंडिंग के आरोप में जेल में बंद है। जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट से निर्दलीय जीत हासिल की है। नैशनल कॉन्फ्रेंस के दिग्गज उमर अब्दुल्ला को शिकस्त दी। मोदी सरकार के समर्थन का सवाल ही नहीं।

**मोहम्मद हनीफा।** लद्दाख से चुनाव जीते। नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्व नेता हैं जो कांग्रेस के साथ गठबंधन से खफा होकर बागी बन गए। इंडिया गठबंधन खेमे और एनडीए दोनों में शामिल होने के फिफ्टी-फिफ्टी चांस।

**चंद्रशेखर।** यूपी की नगीना सीट से जीते हैं। बीजेपी के कट्टरविरोधी। इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन सपा-कांग्रेस की तरफ से भाव नहीं मिलने पर बिना गठबंधन के ही चुनाव मैदान में कूद गए। 'अपमान' की चुभन अगर गहरी रही तो एनडीए के साथ भी जा सकते हैं।



**असदुद्दीन ओवैसी।** एआईएमआईएम के मुखिया। हैदराबाद से जीते। एनडीए के साथ आने का सवाल नहीं।

**हरसिमरत कौर बादल।** पंजाब की भटिंडा से जीती हैं। शिरोमणि अकाली दल एनडीए का लंबे समय तक हिस्सा रहा है। पिछला चुनाव बीजेपी के साथ मिलकर लड़ा लेकिन इस बार अलग-अलग लड़े। बीजेपी खाता भी नहीं खोल पाई और अकाली दल सिर्फ एक सीट पर सिमट गया। बीजेपी के सबसे पुराने सहयोगियों में रहे अकाली दल ने कृषि कानूनों के मुद्दे पर एनडीए से नाता तोड़ा था। अकाली के एनडीए में वापस आने से इनकार नहीं किया जा सकता।

**राजकुमार रोत।** राजस्थान के बांसवाड़ा से जीत हासिल की। बीजेपी और कांग्रेस दोनों से समान दूरी।

**रिकी एंड्रयू।** मेघालय की शिलांग सीट से जीत हासिल की है। वीओटीपीपी की प्रतिद्वंद्वी एनपीपी पहले से ही एनडीए में शामिल हैं। लिहाजा वीओटीपीपी के एनडीए में शामिल होने की संभावना कम है।

**रिचर्ड वानलालहमंगइहा।** मिजोरम में सत्ताधारी जोराम पीपल्स मूवमेंट के टिकट पर जीत हासिल की। जरूरत पड़ने पर केंद्र में एनडीए सरकार के साथ भी आ सकते हैं।

### वाईएसआरसीपी के चार सांसद

*गुम्मा थनुजा रानी, वाईएस अविनाश रेड्डी, गुरुमूर्ति मड्डिला, पीवी मिथुन रेड्डी हैं। अगर कभी चंद्रबाबू नायडू एनडीए से दूर हुए तो वाईएसआरसीपी मुखिया जगन रेड्डी मोदी सरकार के खेवनहार बन सकते हैं।*

## सोशल मीडिया

### कार्यकर्ताओं को सलाम, प्रियंका ने सपा को दी बधाई



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली चुनावी सफलता को लेकर पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सलाम किया और अब उन्होंने अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी की सराहना की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डिंपल यादव, प्रो. रामगोपाल यादव समेत समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए लिखा, सपा के मेहनती कार्यकर्ताओं को यूपी के नतीजों के लिए मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। भीषण परिस्थितियों में हम सबने मिलकर एक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी।

### कमलनाथ ने कहा- छिंदवाड़ा से मैं ये विदाई स्वीकारता हूं



छिंदवाड़ा विधायक कमलनाथ ने कहा, ''मुझे दिल्ली जाना था. लेकिन मैं आपके बीच धन्यवाद देने आया हूं और यह कहने के लिए कि हमारा संबंध हमेशा बना रहे। छिंदवाड़ा की जनता ने मुझे विदा किया. मैं ये विदाई स्वीकार करता हूं, लेकिन मेरा आप सबसे संबंध है। हम मिलकर फिरसे कांग्रेस का झंडा उठाकर उसके नीचे काम करेंगे। गौरतलब है, इस लोकसभा चुनाव में कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू से करारी हार मिली है। बंटी ने कांग्रेस की सीट से लड़ रहे नकुल को 1 लाख 13 हजार 618 वोटों से परास्त किया है।

## एनडीए की सहयोगी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने बनाया दबाव

# 'अग्निवीर पर विचार करने की जरूरत यूसीसी पर स्टेक होल्डर के साथ चलें'

*दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद नरेंद्र मोदी गठबंधन सरकार चलाने पर विवश हो गए हैं। और इस बार उनके लिए भाजपा के कोर एजेंडे (यूसीसी वन नेशन वन इलेक्शन आदि) पर चलना मुश्किल होगा। दरअसल, एनडीए की सहयोगी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अभी से विभिन्न मुद्दों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। जदयू ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) पर हमारा रुख आज भी जस का तस है।*

### दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद नरेंद्र मोदी गठबंधन सरकार चलाने को विवश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जेडीयू महासचिव और प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि हमने तब भी कहा था कि इस मामले पर सभी स्टेक होल्डर को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। त्यागी ने कहा, 'हमने तब भी कहा था कि इस मामले पर सभी स्टेट होल्डर को साथ लेकर उनके विचारों को समझने की जरूरत है। यूसीसी पर नीतीश कुमार ने विधि आयोग के अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी थी और कहा था कि हम इसके खिलाफ नहीं हैं लेकिन इसमें व्यापक विचार विमर्श की आवश्यकता है।'



#### अग्निवीर योजना पर फिर से विचार करने की जरूरत

अग्निवीर योजना का जिक्र करते हुए त्यागी ने कहा, 'अग्निवीर योजना को लेकर के बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर दोबारा से विचार करने की जरूरत है। अग्निवीर योजना को नए तरीके से सोचने की आवश्यकता है। जो सुरक्षाकर्मी थे सेना में तैनात थे और जब भी अग्निवीर योजना आई तो बड़े तबके में असंतोष था। मेरा ऐसा मानना है कि उनके परिवार जनों ने भी चुनाव में विरोध जारी किया इसलिए आज इसमें नए तरीके से विचार विमर्श की जरूरत है।'

वहीं वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन करते हुए केसी त्यागी ने कहा कि जहां तक एक देश एक चुनाव की बात है हम उसके समर्थन में हैं। केसी त्यागी ने कहा, 'हम एनडीए के मजबूत हिस्सेदार के रूप में सामने आए हैं। हम अटबिहारी की एनडीए सरकार में कई अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। हम लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि अगर बिहार से पलायन रोकना है तो उसे विशेष राज्य का दर्जा देना चाहिए. वो प्रधानमंत्री का प्रोवोगेटिव है कि वो किस को कौन सा मंत्रालय देंगे. हमारी ऐसी कोई मांग नहीं है।'

**बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए**

## नीतीश कुमार के दबाव की काट निकाल रही भाजपा

दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद नरेंद्र मोदी गठबंधन सरकार चलाने पर विवश हो गए हैं। नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी ने भाजपा के सामने कई अहम मंत्रालयों की मांग रख दी है। लोकसभा स्पीकर का पद भी गठबंधन के साथी चाहते हैं। यही नहीं अग्निवीर जैसी अहम स्कीमों पर बदलाव तक की मांग नीतीश कुमार की पार्टी ने उठा दी है। 12 सीटें जीतने वाले नीतीश कुमार के इस दबाव से भाजपा थोड़ा टेंशन में हैं। वहीं सूत्रों का कहना है कि दबाव से निपटने के लिए भाजपा ने छोटे दलों और निर्दलीय सांसदों से बात करना शुरू कर दिया है। भाजपा को लगता है कि नीतीश कुमार भले ही साथ रहें, लेकिन करीब 290 सांसदों को साथ लेकर सरकार बनाई जाए। ऐसा इसलिए ताकि नीतीश कुमार कभी भी दबाव डालें तो उसका काउंटर किया जा सके। इसके अलावा भाजपा लोकसभा स्पीकर का पद भी नहीं देना चाहती क्योंकि कभी किसी के समर्थन वापस लेने की स्थिति में उसका रोल अहम हो जाता है। टीडीपी की नजर स्पीकर के पद पर है ताकि सत्ता की कुंजी पकड़ ले। भाजपा इस पद को भी देने से हिचक रही है।

सहयोगी दलों को भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि सीसीएस वाले यानी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के तहत आने वाले 4 मंत्रालयों को नहीं दिया जाएगा। ये मंत्रालय हैं- होम मिनिस्ट्री, डिफेंस, वित्त और विदेश मंत्रालय। इसके अलावा भाजपा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भी नहीं देना चाहती। नितिन गडकरी ने इस मंत्रालय में बीते 10 सालों में शानदार काम किया है। उन्होंने कई एक्सप्रेसवे बनाए और हाईवेज की स्थिति भी सुधरी है। इसलिए भाजपा चाहती है कि रिपोर्ट कार्ड मजबूत करने वाले मंत्रालय को अपने पास ही रखा जाए। मंत्रालय को लेकर चल रही खींचतान रेलवे पर भी है। रेलवे में दो कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने कई अहम बदलाव किए हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई गई हैं, पटरियों का दोहरीकरण और विद्युतीकरण हुआ है। इसलिए भाजपा नहीं चाहती कि जेडीयू को यह मंत्रालय देकर सुधारों में ब्रेक लगने दिया जाए। भाजपा चाहती है कि फूड प्रोसेसिंग, भारी उद्योग जैसे मंत्रालय सहयोगियों को दिए जाएं। वे मंत्रालय अपने पास ही रखे जाएं, जो सरकार के लिए रिपोर्ट कार्ड को दुरुस्त रखने को जरूरी हैं।

**यह है भाजपा की चाहत**

## एडीआर ने विजेता उम्मीदवारों के बारे में दी जानकारी

*93% यानी 504 विजेता उम्मीदवार हैं करोड़पति*

# 543 विजेता सांसदों में से 251 पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 का जनादेश सुनाया जा चुका है। 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे मंगलवार को घोषित कर दिए गए। इस चुनाव में केंद्र की सत्ताधारी भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। वहीं दूसरे स्थान पर कांग्रेस है जिसके 99 सांसद लोकसभा पहुंचेंगे। नई लोकसभा के गठन की तैयारियों के बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 2024 में चुनाव जीतने वाले सभी 543 विजेता उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। एडीआर ने जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि 543 विजेता उम्मीदवारों से 251 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 504 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे युवा विजेता उम्मीदवार पुष्पेंद्र सरोज और प्रिया सरोज हैं। 25 साल के दोनों नवनिर्वाचित सांसद सपा के टिकट पर जीते हैं। वहीं सबसे उम्रदराज नवनिर्वाचित सांसद डीएमके के टीआर बालू हैं, जिनकी उम्र 82 साल है।

### विजेता उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

एडीआर द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, मौजूदा लोकसभा चुनावों में 543 विजेता उम्मीदवारों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन विजेता उम्मीदवारों में से 170 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, महिलाओं के खिलाफ अपराध और नफरती भाषण से जुड़े आरोप शामिल हैं। 543 में से 251 (46%) विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 170 (14%) विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 27 विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं।



### दलवार आंकड़े क्या हैं?

एडीआर ने चुनाव में विजेता उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले दलवार आंकड़े जारी किए हैं। भाजपा के 240 में से 94 (39%), कांग्रेस के 99 में से 49 (49%), सपा के 37 में से 21 (57%), टीएमसी के 29 में से 13 (45%), डीएमके के 22 में से 13 (59%), टीडीपी के 16 में से आठ (50%) और शिवसेना के सात में से पांच विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं।

**गंभीर आपराधिक मामलों वाले**

| पार्टी | विजेता | गंभीर आपराधिक मामलों वाले | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 240 | 63 | 26% |
| कांग्रेस | 99 | 32 | 32% |
| सपा | 37 | 17 | 46% |
| टीएमसी | 29 | 7 | 24% |
| डीएमके | 22 | 6 | 27% |
| टीडीपी | 16 | 5 | 31% |
| शिवसेना | 7 | 4 | 57% |

## विजेता उम्मीदवारों की संपत्ति

543में से 93% यानी 504 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 227 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। दूसरे स्थान पर कांग्रेस है जिसके 92 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के हर विजेता उम्मीदवार के पास औसतन 46.34 करोड़ रुपये की संपत्ति है। दलवार आंकड़ों पर गौर करें तो भाजपा के 240 विजेता उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 50.04 करोड़ की है।

### सबसे अमीर विजेता प्रत्याशियों में नवीन जिंदल भी

इस चुनाव में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले विजेता उम्मीदवार डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी हैं। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से टीडीपी प्रत्याशी पेम्मासानी ने कुल 5705 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी हैं। तेलंगाना की चेवेल्ला सीट से चुनाव जीतने वाले रेड्डी ने अपने हलफनामे में 4568 करोड़ की दौलत बताई है। तीसरे सबसे धनी विजेता प्रत्याशी भाजपा के नवीन जिंदल हैं। हरियाणा के कुरूक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जिंदल ने कुल 1241 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। उधर तीन निर्दलीय विजेता उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति पांच लाख रुपये से 11 लाख रुपये के बीच बताई है।

### पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

तमाम विजेता उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 105 (19%) विजेता उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किए हुए हैं। 420 (77%) विजेता उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 17 विजेता उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। एक विजेता उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर घोषित की है। विजेता उम्मीदवारों की आयु के आंकड़े देखें तो 58 (11%) विजेता उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं। 280 (52%) प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं। 204 (38%) विजेता उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष है। एक विजेता उम्मीदवार ने अपनी आयु 80 वर्ष से अधिक घोषित की है।

### इस चुनाव में 14% महिलाएं जीतीं

एडीआर द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 543 विजेता उम्मीदवारों में से केवल 74 (14%) महिलाएं हैं। इसके पहले 2019 में 77 विजेता उम्मीदवार महिलाएं थीं। 2014 के चुनाव में कुल 62 और 2009 में 59 विजेता उम्मीदवार महिलाएं थीं।



**राष्ट्रपति से मुलाकात**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू से 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद निर्वाचित सदस्यों की सूची प्राप्त की।



**शिवाजी महाराज का सम्मान**

**सोलापुर।** कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे, कांग्रेस सांसद प्रणति शिंदे और अन्य लोग महाराष्ट्र के सोलापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की वर्षगांठ समारोह के दौरान, गुरुवार को छत्रपति की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए।

## कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों पर दिलचस्प हुआ मुकाबला

# मुस्लिम बहुल राजौरी में चार हिंदुओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम सबके सामने है। देश में इस बार मिली-जुली सरकार बनने जा रही है। बात अगर जम्मू कश्मीर की करें तो यहां कि पांच लोकसभा सीटों में से दो पर बीजेपी और दो पर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जीत दर्ज की जबकि एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी को जीत हासिल हुई। जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों में से दो सीटें – जम्मू और उधमपुर – जम्मू संभाग में जबकि दो सीटें – श्रीनगर और बारामूला कश्मीर संभाग में आती हैं। इसके अलावा अनंतनाग – राजौरी लोकसभा सीट राज्य के दोनों हिस्सों को कवर करती है। जम्मू और उधमपुर सीट क्रमशः भाजपा के जुगल किशोर और डॉ. जितेंद्र सिंह ने जीती है। केंद्र शासित राज्य की अनंतनाग – राजौरी, श्रीनगर और बारामूला लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य सीटें हैं। आइए नजर डालते हैं जम्मू-कश्मीर की इन मुस्लिम बहुल्य सीटों पर हिंदू प्रत्याशियों के प्रदर्शन पर



आगा सैयद रुहुल्लाह



अब्दुल रशीद शेख



मिया अल्ताफ अहमद

### श्रीनगर लोकसभा सीट

जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर लोकसभा सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने जीत दर्ज की। उन्हें 356866 वोट हासिल हुए। उन्होंने पीडीपी के वाहिद उर रहमान पारा को हराया। पीडीपी प्रत्याशी को 168450 वोट हासिल हुए। यहां तीसरे नंबर पर रहे अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर रहे। उन्हें 65954 वोट हासिल हुए। श्रीनगर लोकसभा सीट पर पैंथर्स पार्टी के हकीकत सिंह ने चुनाव लड़ा। उन्हें सिर्फ 3778 वोट (.56%) हासिल हुए। वह इस सीट पर एकमात्र हिंदू प्रत्याशी थे।

### बारामूला लोकसभा सीट

कश्मीर संभाग की बरामूला लोकसभा सीट पर जेल में बंद निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल रशीद शेख ने दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की। उन्हें 4,72,481 वोट हासिल हुए। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला को हराया। उमर अब्दुल्ला को 2,68,339 वोट प्राप्त हुए। इस सीट पर तीसरे नंबर पर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन (1,73,239 वोट) रहे जबकि चौथे नंबर पर पीडीपी के मीर मोहम्मद फयाज (27,488) रहे। इस सीट पर एकमात्र हिंदू प्रत्याशी अरुण कुमार रैना थे। उन्हें सिर्फ 2241 वोट (0.22%) हासिल हुए।

### अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट

जम्मू-कश्मीर की इस लोकसभा सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के मियां अल्ताफ अहमद को जीत हासिल हुई। उन्होंने 521836 वोट हासिल कर पीडीपी चीफ और राज्य की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती को 2,81,794 वोटों से हराया। महबूबा मुफ्ती को 2,40,042 वोट प्राप्त हुए। इस सीट पर तीसरे नंबर पर अपनी पार्टी के जफर इकबाल खान मनहास (1,42,195) रहे। अनंतनाग -राजौरी लोकसभा सीट पर चार हिंदू और एक सिख प्रत्याशी ने भी चुनाव लड़ा था। इनमें से चार निर्दलीय और नेशनल आवामी यूनाइटेड पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़े। इनमें सबसे ज्यादा वोट सुशील कुमार शर्मा (9228 वोट – 0.9%) को मिला। यहां बलदेव शर्मा को 6189 वोट (0.6%), दिलीप कुमार पंडिता को 3722 वोट (0.36%) और सिख समुदाय से आने वाले रविंदर सिंह को 2962 वोट (0.29%) प्राप्त हुए। इसके अलावा नेशनल आवामी यूनाइटेड पार्टी के सुदर्शन सिंह को 2382 वोट (0.23%) मिले।

रायपुर
शुक्रवार, 7 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 22, अंक : 319
पृष्ठ : 14+4+4 = 22, मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 42.3
न्यून. 29.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# छग में 198 की जमानत जब्त, बस्तर, कांकेर और सरगुजा में 'नोटा' बना तीसरी शक्ति, गायब हो गए छोटे दल!

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 11 सीटों में तीसरी ताकत जैसी बात कहीं भी नजर नहीं आई। भाजपा और कांग्रेस को छोड़कर सभी 198 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। जाहिर है, इनकी जमानत राशि जब्त हो जाएगी। यह भी चौंकाने वाला रहा कि कुछ जगह इन तीसरे छोटे दलों को नोटा ने ही मात दे दिया। पूरे राज्य की बात करें तो नोटा का बटन दबाने वाले वोटर्स की संख्या सवा लाख से भी ज्यादा है। ऐसा बस्तर, सरगुजा इलाके में ही हुआ है।

गौरतलब है, लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में 220 उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव लड़ा। रायपुर में सबसे ज्यादा 38 उम्मीदवार थे, इसके बाद बिलासपुर में 37, कोरबा में 27, दुर्ग में 25, जांजगीर-चांपा में 18, महासमुंद में 17, राजनांदगांव में 15, रायगढ़ में 13, बस्तर में 11, सरगुजा में 10 और कांकेर में 9 उम्मीदवार थे। प्रदेश के इन सभी लोकसभा क्षेत्रों में कुल 2 करोड़ 6 लाख 58 हजार वोटरों में से 1 करोड़ 50 लाख 40 हजार 444 ने वोट डाले। सभी लोकसभा क्षेत्रों में कुल मतदान का दस प्रतिशत मत पाने वाले प्रत्याशियों की जमानत बच जाती है। इससे कम मत पाने वाले की जमानत राशि जप्त कर ली जाती है। चुनाव परिणाम आने के बाद यह देखा गया कि प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला रहा। इन्हीं पार्टी के प्रत्याशी चुनाव में जीते और हारे। लगभग सभी जगहों ▶▶| शेष पेज 4 पर

## प्रदेश में भाजपा को 79 लाख 9 हजार और कांग्रेस को मिले 61 लाख 68 हजार से अधिक वोट




### नोटा को 1 लाख 35 हजार से अधिक मत

छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीटों में चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों को पसंद नहीं करने वाले मतदाताओं की संख्या 1 लाख 35 हजार 430 रही। उन्होंने नोटा का बटन दबाकर अपनी इच्छा बताई। नोटा के आंकड़ों को देखा जाए, तो सबसे अधिक 36000 वोट बस्तर लोकसभा में पड़े। 28 हजार 121 मतों के साथ दूसरे स्थान पर सरगुजा, 18 हजार 669 मतों को लेकर कांकेर लोकसभा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं रायगढ़ लोकसभा चौथे स्थान पर रहा, जहां पर 15 हजार 22 लोगों ने नोटा को वोट किया।



### बसपा और गोंगपा कहीं कहीं तीसरे नंबर पर

बस्तर सहित आदिवासी क्षेत्रों में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, बहुजन सामज पार्टी, हमर राज पार्टी, सीपीआई ने चुनाव लड़ने के अलावा अन्य सीटों से भी दांव खेला, लेकिन इनका वोट प्रतिशत कम ही रहा। गोंगपा और बीएसपी ने अच्छा प्रदर्शन किया। बहुजन समाज पार्टी को राज्य में कुल 1 लाख 74 हजार 910 वोट मिले। वहीं अन्य पार्टियों को कुल 5 लाख 98 हजार से अधिक वोट मिले। सीपीआई को प्रदेश में 35 हजार 850 वोट मिले। कई जगहों पर बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी तीसरे स्थान पर रही। कोरबा में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी 48587 वोट लेकर तीसरे नंबर पर रही। कुछ सामान्य सीटों पर निर्दलीयों ने अपनी छवि के आधार पर तीसरा स्थान पाया, लेकिन उनका वोट 12 हजार से अधिक नहीं रहा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**T20 world cup स्कोर बोर्ड**

आस्ट्रेलिया 164/5 VS ओमान 125/9
39 रन से जीता आस्ट्रेलिया
67* रन, 3 विकेट : मार्कस स्टसेइनिस
प्लेयर ऑफ द मैच

पापुआ न्यू गिनी 77/10 VS युगांडा 78/7
3 विकेट से जीता युगांडा
33 रन : रिजाअत अली शाह
प्लेयर ऑफ द मैच

पाकिस्तान 159/7 VS अमेरिका 159/3
मैच ड्रॉ, सुपर ओवर में जीता अमेरिका
50 रन, मोनंक पटेल
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**
कनाडा VS आयरलैंड
समय : रात 8 बजे

## खबर संक्षेप

### कार में लगी आग टल गया बड़ा हादसा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर एक कार में आग लग गई। यह घटना बुधवार रात हुई थी। कार में आग लगने के तुरंत बाद वाहन में सवार लोग बाहर निकल गए, जिससे इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मोदी और शाह को घेरा, जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग

# राहुल का बड़ा आरोप, झूठे एग्जिट पोल से निवेशकों के डूब गए 30 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दी गई शेयर खरीदने की सलाह और फिर चुनाव के बाद आए 'झूठे एग्जिट पोल' के कारण स्टॉक बाजार में सबसे बड़ा घोटाला हुआ है। इसमें निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपए डूब गए। उन्होंने कहा कि इस आपराधिक कृत्य में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री और एग्जिट पोल करने वालों की भूमिका की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाए।

राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, पहली बार हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक बाजार पर टिप्पणी की। फिर एक जून को झूठे एग्जिट पोल आए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के आंतरिक सर्वे में 220 सीट मिल रही थी, लेकिन एग्जिट पोल में ज्यादा सीटें दिखाई गईं। राहुल गांधी का कहना था, तीन जून को स्टॉक बाजार सारे रिकॉड तोड़ देता है, चार जून को खटाक से नीचे चला जाता है। हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। खुदरा निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपये डूब गए। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने निवेश की सलाह क्यों की? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की ▶▶| शेष पेज 4 पर

> कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों के बाद शेयर बाजार में आई भारी गिरावट को लेकर पीएम मोदी और अमित शाह समेत पूरी भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। रायबरेली और वायनाड से सांसद चुने गए राहुल गांधी ने कहा कि शेयर बाजार में आई यह एक बहुत बड़ा घोटाला था। हम इस मामले में जेपीसी गठित कर जांच की मांग करते हैं।

## 4 जून को शेयर बाजार में तीन साल बाद बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी

### राहुल ने पूछे तीन सवाल

- पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने देश की जनता को बाजार में निवेश करने की सलाह क्यों दी?
- प्रधानमंत्री, गृह मंत्री ने दोनों इंटरव्यू अडानी के उन चैनल्स को दिए, जिनके ऊपर सेबी की जांच जारी है। ऐसे में उन चैनल्स का क्या रोल है?
- भाजपा, फेक एग्जिट पोल वालों और विदेशी निवेशकों के बीच क्या रिश्ता है?



### पीएम, गृहमंत्री, वित्त मंत्री ने दिया बयान

राहुल गांधी ने कहा, पहली बार हमने यह नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, वित्त मंत्री ने शेयर बाजार पर टिप्पणी दी। प्रधानमंत्री ने दो-चार बार कहा कि शेयर बाजार तेजी से बढ़ने जा रही है। उनके मैसेज को वित्त मंत्री और गृह मंत्री ने भी आगे बढ़ाया। अमित शाह कहते हैं कि 4 जून से पहले लोग शेयर खरीदें। प्रधानमंत्री ने भी यही कहा और 28 मई को फिर से दोहराया।

### 3 जून को रिकॉर्ड और 4 को बाजार धड़ाम

कांग्रेस नेता ने कहा, फिर 3 जून को एग्जिट पोल आने के बाज शेयर बाजार सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है। लेकिन अगले ही दिन 4 जून को शेयर बाजार खटाक से रसातल में चला जाता है और करीब 30 लाख करोड़ का नुकसान होता है। इसमें से अधिकतर नुकसान छोटे निवेशकों यानी रिटेल निवेशकों को हुआ है।

### लोग निवेश ना करें, राहुल इसके लिए बोल रहेः गोयल



भाजपा नेता पीयूष गोयल ने कहा, फिर एक बार मोदी सरकार आना निश्चित है। इस बात से राहुल गांधी परेशान नजर आते हैं। लोग निवेश न करें, इसके लिए बोल रहे हैं। आज से 10 साल पहले जब यूपीए की सरकार थी, तब भारत का मार्केट कैप 67 लाख करोड़ था। यही मोदी जी को विरासत में मिला था। आज हमारा मार्केट कैप 415 लाख करोड़ का मार्केट कैप हो चुका है। इसमें 5 गुना से ज्यादा बढ़त मोदी सरकार के कार्यकाल में हुई है।

### इधर, पूर्व अफसर बोले- ईडी से कराई जाए जांच

आईएएस के पूर्व अधिकारी ईएएस शर्मा चार जून को शेयर बाजार में आई भारी गिरावट की ईडी से जांच कराने की गुरुवार को मांग की। शेयर बाजार में इस गिरावट से निवेशकों को 31 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी थी। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ को लिखे पत्र में शर्मा ने पूछा है कि क्या भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने लुढ़कते बाजार को संभालने के लिए कोई कदम उठाया। क्या तीन और चार जून को उतार-चढ़ाव के कारणों का पता लगाने जांच शुरू की गई।

# पहली बार एक साथ होगी पालक-शिक्षक बैठक, पूरे सत्र के लिए शेड्यूल तय

- पूर्व में भी होती रही है पैरेंट्स-टीचर मीटिंग, लेकिन निर्धारित नहीं था शेड्यूल
- 9 अगस्त को होगी मेगा बैठक, सभी जिले अपने स्तर पर करेंगे व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूरे प्रदेश में पहली बार एक साथ पालक-शिक्षक बैठक होने जा रही है। यह मेगा बैठक 9 अगस्त को होगी। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। बीते सत्रों में भी शासकीय विद्यालयों में पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग होती रही है, लेकिन इसके लिए तिथियों का निर्धारण स्कूलों द्वारा अपने स्तर पर किया जाता रहा है।

इस बार 9 अगस्त को प्रदेशभर के सभी शासकीय विद्यालयों में एक साथ पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग होगी। संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी जिलों के कलेक्टर को इस संदर्भ में खत जारी किया गया है। जारी किए गए आदेश के अनुसार, पालक-शिक्षक मेगा बैठक का ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बच्चों की होगी काउंसिलिंग

बैठक के जरिए पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करते हुए उन्हें बच्चे की प्रगति से अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा बच्चों में संभावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा है कि विद्यालयों में आयोजित की जाने वाली पालक-शिक्षक बैठक का प्राथमिक उद्देश्य बच्चों के शारीरिक-मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित ▶▶| शेष पेज 4 पर

### तिमाही-छमाही परीक्षा के बाद भी बैठक

9 अगस्त को होने वाली मेगा बैठक के बाद पालक-शिक्षक की द्वितीय एवं तृतीय बैठक का आयोजन विद्यालय स्तर पर तिमाही एवं छमाही परीक्षा के आकलन के 10 दिवस के भीतर किया जाएगा। प्रत्येक पालक को उनके बच्चे की अकादमिक एवं पाठ्येत्तर उपलब्धियों से व्यक्तिगत रूप से अवगत कराते हुए उनके प्रगति के संबंध में आवश्यक विमर्श भी करेंगे। बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा होगी, उसकी भी जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दी गई है। इसमें छात्रों की प्रगति के अलावा उनके लिए नियमित दिनचर्या निर्धारण सहित अन्य बिंदु शामिल है।

## अखाड़ा बना जनपद कार्यालय

# एसडीओ और सब इंजीनियर को ठेकेदार ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजपुर

गुरुवार की शाम जनपद पंचायत कार्यालय राजपुर अखाड़ा में तब्दील हो गया। कार्यालय में पहुंचे ठेकेदार ने आरईएस के एसडीओ की पुलिस के कैन स्टिक से बेदम पिटाई कर दी। ठेकेदार ने एसडीओ पर इतने डंडे बरसाए की फाइबर का डंडा टूटकर दो टुकड़ों में बंट गया। इतना ही नहीं उसने बीच बचाव करने आए उप अभियंता व कर्मचारियों की भी डंडे से पिटाई कर गाली ▶▶| शेष पेज 4 पर

- कार्रवाई नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने घेरा थाना, मचा हड़कंप, कर्मचारी दहशत में

### की गई है शिकायत

मै आज राजेश सिंह का मूल्यांकन एमडी को सुधार रहा था। इस दौरान राजेश सिंह वहां पहुंचे और जातिसूचक गाली देकर डंडे से मारपीट की। मै टेबल के पीछे छिपा तो बाहर निकलकर हमारे एसडीओ को दौड़ा दौड़ा कर मारने लगा। घटना की शिकायत हमने पुलिस से की है। - **सुनील टोप्पो,** उप अभियंता

### होगी कड़ी कार्रवाई

घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी को अवगत कराया गया है और एसपी के निर्देश पर मामले में दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। - **आर एक्का,** कलेक्टर

### चल रही है जांच

एसडीओ व उप अभियंता से मारपीट के मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी ठेकेदार को हिरासत में लिया गया है। इस मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। - **डॉ. लाल उमेद सिंह,** एसएसपी

# मानसून दहलीज पर और 70 लाख टन धान सोसाइटियों में जाम, मिलर्स ने खड़े किए हाथ

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब मानसून आने में करीब हफ्ते भर का समय बाकी रह गया है, लेकिन राज्य की सोसायटियों में अब तक 70 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जाम हो गया है। राज्य के मिलरों का कहना है कि सोसायटियों में रखा बहुत सा धान खराब हो चुका है,इसे उठाने में घाटा हो सकता है। दूसरी ओर मिलरों से उनका तैयार किया चावल एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम नहीं ले रहा ▶▶| शेष पेज 4 पर

## मिलरों का चावल एफसीआई, नान में नहीं हो रहा है जमा, खराब क्वालिटी बताया जा रहा, इसलिए उठाव ठप

### इन जिलों में है धान का स्टॉक

छत्तीसगढ़ के जिन जिलों के खरीद केंद्रों में धान जमा है उनमें बस्तर, बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान, मोहला-मानपुर- ▶▶| शेष पेज 4 पर



### अब क्या हो सकता है रास्ता

ऐसी स्थिति में अब धान का उठाव कैसे होगा क्या है रास्ता? इसके जवाब में योगेश अग्रवाल ने कहा राज्य सरकार को केंद्र से बात करके इस बात की मंजूरी लेनी चाहिए कि राज्य ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मिलरों को क्या परेशानी है धान उठाने में

छत्तीसगढ़ के राईस मिलरों को सोसायटियों से धान उठाने में क्या परेशानी है? इस सवाल के जवाब में छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि सोसायटियों में अब जो धान बाकी है उसमें एक बड़ा हिस्सा खराब हो चुका है। धान में बदरा हो गया है। इससे गुणवत्ता युक्त चावल तैयार नहीं हो सकता है। दूसरी बड़ी वजह ये है कि मिलरों ने जो धान उठाकर उससे चावल तैयार किया है उसे एफसीआई और ▶▶| शेष पेज 4 पर

# अस्पताल से लापता डॉक्टर कर्नाटक में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग के सुकमा जिले से लगे ओडिशा के मलकानगिरी जिले के कालीमेला स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एमबीबीएस डॉक्टर को चार दिन बाद कर्नाटक से बरामद कर लिया गया है। कालीमेला पुलिस की टीम लापता डॉक्टर भोई को लेकर कर्नाटक से ओडिशा के लिए रवाना हो चुकी है। पूरे मामले का खुलासा शुक्रवार को डाक्टर के कालीमेला पहुंचने के बाद होने की संभावना है। गौरतलब है कि 2 जून की सुबह कालीमेला स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ डॉक्टरअमलान भोई ▶▶| शेष पेज 4 पर



- कालीमेला पुलिस टीम पहुंची कर्नाटक, आज होगा मामले का खुलासा

## सरहिंद ट्रेन दुर्घटना की जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

# लालबत्ती पर नहीं लगा ब्रेक, पायलट को लग गई थी झपकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब में मालवाहक ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने के चार दिन बाद जांच में पता चला है कि लोको पायलट और उसके सहायक की झपकी लग गई थी। इसके चलते लाल बत्ती आने पर ब्रेक नहीं लग पाया। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच रिपोर्ट की एक प्रति के अनुसार दुर्घटना दो जून को अपराह्न करीब 3:15 बजे सरहिंद जंक्शन और साधूगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच हुई जब यूबी जीवीजीएन का इंजन पटरी से उतरकर मुख्य यात्री ट्रेन की लाइन पर चला गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसी समय बगल वाली पटरी से गुजर रही ▶▶| शेष पेज 4 पर

### लगातार रात ड्यूटी से हो रहे हादसे

इंडियन रेलवे लोको रनिंगमैन संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा, यदि आप इन चालकों के रोस्टर चार्ट को देखें, तो आपको यह आश्चर्य होगा कि उन्होंने लगातार कई रात ड्यूटी की, जो रेलवे के नियमों के विरुद्ध है। यदि रेलवे अपने चालकों से अधिक काम करवा रहा है, तो ये घटनाएं होंगी ही, जिससे चालकों के साथ-साथ ट्रेन यात्रियों के लिए भी गंभीर सुरक्षा चिंताएं पैदा होंगी।



### 15 से 16 घंटे कर रहे काम

इंडियन रेलवे लोको रनिंगमैन संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा, नियमों के अनुसार रेलवे चालकों को नौ घंटे और ज्यादा से ज्यादा 11 घंटे तक काम कराया जा सकता है। मैंने कई मामलों में देखा है कि चालक 15 से 16 घंटे से अधिक काम करते हैं। हालांकि अधिकारी फर्जी तरीके से रोस्टर चार्ट में दो घंटे का आराम दिखाते हैं ताकि यह दिखाया जा सके कि उन्होंने उन्हें काम के बीच में आराम दिया है।

### चार दिन पहले टल गया था बड़ा हादसा

फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास सुबह दो मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। इसके बाद मालगाड़ी का इंजन खुलकर दूसरी से टकराया और पलटकर अंबाला से जम्मूतवी की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन समर स्पेशल में फंस गया। हादसे में मालगाड़ी की बोगियां एक-दूसरे पर चढ़ गईं। हादसे से ट्रेन में सवार सैकड़ों यात्रियों में चीख पुकार मच गई। अभी तक की जानकारी के अनुसार हादसे में दो लोको पायलट घायल हुए हैं। दोनों को राजिंद्रा अस्पताल पटियाला रेफर किया गया है।

## चिंतन

# दागी नेताओं का संसद पहुंचने का द्वार बंद हो

देश में चुनाव दर चुनाव राजनीतिक व चुनाव सुधार की चर्चा होती है। लेकिन चुनाव में जीत कर आने वाले जनप्रतिनिधियों के बारे में जब जानकारी मिलती है, तो निराशा होती है। पता चलता है कि न तो धनबल के प्रयोग पर अंकुश लगा है, न अपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के चुनकर आने पर रोक लग पाई है और न ही ज्यादा से ज्यादा धनकुबेरों को ही प्रत्याशी बनाने की प्रवृति पर लगाम लगी है। 18वीं लोकसभा के लिए जीत कर आए 543 सांसदों द्वारा पर्चा भरने के समय चुनाव आयोग की दी गई जानकारी का 'एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने विश्लेषण किया है, जिसमें कहा गया है कि नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों में 46 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कहने का तात्पर्य कि 543 सदस्यों में से 251 सांसदों पर आपराधिक आरोप हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग आपराधिक रिकार्ड वाले नेताओं के खिलाफ सख्त हैं, सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट गाइडलाइन है। उच्चतम न्यायालय ने 13 फरवरी, 2020 को संविधान के अनुच्छेद 129 तथा अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए सभी राजनीतिक दलों को अपने विधानसभा और लोकसभा उम्मीदवारों के संपूर्ण आपराधिक इतिहास को प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इस आदेश का आशय राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना था। पर ऐसा नहीं हुआ। 2019 में हुए आम चुनाव में करीब 43 फीसदी जनप्रतिधि आपराधिक रिकार्ड वाले थे, जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) तथा 2004 में 125 (23 प्रतिशत) थे। विश्लेषण के मुताबिक 2009 के बाद से आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले सांसदों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में जीतकर आने वाले सांसदों में 93 फीसदी करोड़पति हैं, जो 2019 के 88 प्रतिशत के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है। इस बार चुनाव के दरम्यान हजारों करोड़ की नकदी जब्त की गई थी। ये सभी चीजें दर्शाती हैं कि हमारा चुनाव धनबल व बाहुबल से मुक्त नहीं हो पाया है। गंभीर अपराध के मामलों वाले सदस्यों की संख्या 2009 से 124 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बार तो आतंकवाद के आरोपित दो लोग भी सांसद चुनकर आए हैं। अब तक चुनाव सुधार पर तारकुंडे समिति (1974-75) व दिनेश गोस्वामी समिति (1990), राजनीति के अपराधीकरण पर वोहरा समिति (1993), चुनावों में राज्य वित्तपोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति (1998),चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की रिपोर्ट (1999) व चुनाव आयोग की रिपोर्ट (2004), चुनाव कानूनों और चुनाव सुधार पर तनखा समिति (2010) आदि ने अपनी सिफारिशें दी हैं। जिनके आधार पर सजायाफ्ता के चुनाव लड़ने पर रोक, दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध और उम्मीदवार की मौत पर चुनाव स्थगित न होना, ईवीएम, वीवीपैट, नोटा, चुनावी खर्च पर सीलिंग, पोस्टल बैलेट व तकनीक के प्रयोग आदि सुधार किए गए हैं। इसके बावजूद आरोपित अपराधियों के चुनाव लड़ने व अपराधिक रिकार्ड वाले नेताओं के सांसद बनने पर रोक नहीं लग पाई है। चुनाव आयोग के साथ राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिन नेता पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं, उन्हें वे टिकट ही न दें। राजनीतिक दल चाहेंगे तो अपराधियों के चुनाव लड़ने का द्वार बंद हो सकता है।

# अब तेज आर्थिक विकास की चुनौती



मोदी 3:0 सरकार
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब बनने वाली एनडीए के तीसरे कार्यकाल की नई सरकार देश को आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाएगी। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रहने संबंधी रिपोर्ट जारी की है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक आर्थिक व वित्तीय बाजार मजबूत हो रहे हैं। भारत के वित्तीय और गैर वित्तीय क्षेत्रों के दमदार बही-खाते भारत की आर्थिक ताकत बढ़ा रहे हैं। इन सबके साथ नई सरकार के सामने आर्थिक विकास की नई रणनीति से देश की आर्थिकी को मजबूती देते हुए तेजी से आगे बढ़ाने की चुनौती होगी।

4 जून को 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब बनने वाली एनडीए के तीसरे कार्यकाल की नई सरकार देश को आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाएगी। निश्चित रूप से देश को एक बेहतर आर्थिक परिवेश के साथ बेहतर मानसून की सौगातें विरासत में मिलते हुए दिखाई दे रही हैं । स्थिति यह है कि देश की बेहतर आर्थिक के परिप्रेक्ष्य में दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां यह कहते हुए दिखाई दे रही हैं कि भारत में कोई भी सरकार बने अब आर्थिकी तेज गति से मजबूत होगी। उल्लेखनीय कि हाल ही में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रहने संबंधी रिपोर्ट जारी की है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक आर्थिक व वित्तीय बाजार मजबूत हो रहे हैं। भारत के वित्तीय और गैर वित्तीय क्षेत्रों के दमदार बही-खाते भारत की आर्थिक ताकत बढ़ा रहे हैं। रिजर्व बैंक के द्वारा भारत सरकार को दिया गया रिकॉर्ड लाभांश, वैश्विक आर्थिक संगठनों के द्वारा भारत के विकास के नए-नए प्रभावी विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इन सबके साथ- साथ नई सरकार से देश की अर्थव्यवस्था को नई शक्ति मिलने की संभावनाओं से देश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ने के शुभ संकेत देते हुए दिखाई दे रही है।

गौरतलब है कि हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएेंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही है और अब यह विकास दर अगले तीन साल में लगातार 7 फीसदी के करीब होगी। दुनिया के प्रसिद्ध इन्वेस्टमेंट बैंकर गोल्डमैन सैक्स ने अपनी नई रिपोर्ट में कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत की विकास दर को बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष में विकास दर बढ़ने संबंधी अन्य महत्वपूर्ण नई रिपोर्टों के तहत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष- आईएमएफ ने 6.8 प्रतिशत , एशियाई विकास बैंक -एडीबी ने 7 प्रतिशत तथा विश्व बैंक ने 7.5 प्रतिशत विकास दर रहने के अनुमान व्यक्त किए हैं। देश और दुनिया के प्रमुख अर्थ विशेषज्ञों का मत है कि भारत की विकास दर आगामी दशक तक 6.5 से 7 प्रतिशत के स्तर पर दिखाई देगी। विभिन्न आर्थिक रिपोर्टों में इस बात को भी रेखांकित किया जा रहा है कि भारत में वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर (डायरेक्ट टैक्स) संग्रह 17.7 फ़ीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड रुपए हो गया है। इसी तरह से 2023- 24 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) उच्चतम स्तर पर रहा है। इसका आकार 20.18 लाख करोड रुपए रहा है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 11.7 फ़ीसदी अधिक है। कर संग्रह के ये चमकीले आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट सेक्टर की आमदनी में वृद्धि को दर्शाते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जिस तरह से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के द्वारा हाल ही में भारत सरकार के लिए अब तक के सबसे अधिक लाभांश की राशि सुनिश्चित की गई है, वहीं



दूसरी ओर देश के शेयर बाजार ने पिछले 10 वर्षों में जो ऊंचाइयां प्राप्त की हैं, उससे दुनिया भर में भारत के नए तेज विकास की नई संभावनाएँ आगे बढ़ी हैं।

रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये लाभांश देने की मंजूरी दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने रिजर्व बैंक और सरकारी बैंकों के लाभांश से 1.02 लाख करोड़ रुपये मिलने का अनुमान लगाया था। ऐसे में 'रिजर्व बैंक द्वारा दिया जाने वाला लाभांश बजट अनुमान की तुलना में 107 फीसदी ज्यादा है। यह एक तरह से सरकार के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 1.09 लाख करोड़ रुपये के अप्रत्याशित लाभ जैसा है। इतना ही नहीं रिजर्व बैंक ने पहली बार आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया है, जो पहले 6 फीसदी था। रिजर्व बैंक ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, इसीलिए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आकस्मिक जोखिम बफर बढ़ाकर 6.5 फीसदी करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक के द्वारा सरकार को रिकॉर्ड लाभांश के दिए जाने के निर्णय और वैश्विक आर्थिक संगठनों व वैश्विक क्रेडिट एजेंसियों के द्वारा वर्ष 2024-25 में भारत की ऊंची विकास दर के अनुमानों के बाद भारतीय शेयर बाजार को लाभ मिला। यह उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार और निवेशकों को उम्मीद थी कि 4 जून के लोकसभा चुनाव परिणामों से भाजपा और एनडीए को भारी बढ़त मिलेगी, लेकिन चुनाव में भारी अनुमान के मुताबिक ऊंचाई नहीं होने के कारण शेयर बाजार की उम्मीदें पूरी नहीं हो पाई हैं। फिर भी यह कोई छोटी बात नहीं है कि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ ड़ॉलर के पार पहुंचने के साथ ही भारत इस मुकाम तक पहुँचने वाला दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है। कोरोनाकाल के बाद भारतीय घरेलू खुदरा निवेशकों की रूचि शेयर बाजार में बढ़ी है। साथ ही पिछले 10 साल में डीमेंट अकाउंट 2.3 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ हो गए हैं और म्यूचुअल फंड-निवेशकों की संख्या 1 करोड़ से बढ़कर 4.5 करोड़ हो गई है। स्थिति यह है कि पिछले 10 साल में शेयर बाजार कहां से कहां पहुंच गया है। लाखों छोटे निवेशक आज उत्साहपूर्वक बाजार से जुड़े हैं। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है और वैश्विक निवेशकों का भरोसा भी भारत के शेयर बाजार पर बढ़ा है।

अब ऐसी आर्थिक मजबूती से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि होगी। यह देश की उत्पादक क्षमता बढ़ाएगा और वृद्धि की संभावनाओं को बेहतर करेगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के प्रति बढ़ते आर्थिक आकर्षण से न केवल देश में ज्यादा एफडीआई लाने में मदद मिलेगी, बल्कि यह विदेशी कंपनियों और निवेशकों को इस बात के लिए भी प्रोत्साहित करेगा कि वे भारत से हुई कमाई को फिर भारत में ही निवेश करने के लिए तत्पर रहें। इससे भारत में कारोबारी माहौल में सुधार होगा। यह सुधार उन घरेलू निवेशकों को भी बड़े पैमाने पर निवेश बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा जो अभी किनारे बैठकर निवेश करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एफडीआई का एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह भी है कि विदेशी निवेशक तकनीकी विशेषज्ञता भी लाते हैं।

निश्चित रूप से वर्ष 2023-24 में विकास दर के 8.2 प्रतिशत रहने, शेयर बाजार के बढ़ने, रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का बंपर लाभांश दिए जाने से नई सरकार को व्यय प्रबंधन में खासी मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने 5.1 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 प्रतिशत पर लाना चाहती है। इन सबके साथ- साथ नई सरकार के सामने आर्थिक विकास की नई रणनीति से देश की आर्थिकी को मजबूती देते हुए तेजी से आगे बढ़ाने की चुनौती होगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



# सबको पौष्टिक आहार सुनिश्चित हो

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हर वर्ष 7 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खाद्य जनित रोगों पर नियंत्रण के उपायों को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष की थीम सुरक्षित भोजन बेहतर स्वास्थ्य रखी गई है। मानव जीवन के लिए खाद्य पदार्थों की सुरक्षा अति महत्वपूर्ण है। लोगों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का प्रकृति प्रदत अधिकार है। राज्य का दायित्व है कि प्रकृति की ओर से प्रदान किए गए अधिकारों का संरक्षण और संवर्धन करे। खाद्य सुरक्षा का अधिकार भी इसमें शामिल है। भारत ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक विकास किया है और यह विश्व की सबसे तेज़ी से विकास करती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था की विभिन्न उपलब्धियों के बावजूद देश में गरीबी और खाद्य असुरक्षा की स्थिति अभी भी चिंता का विषय है। खाद्य या आहार को किसी व्यक्ति के भरण-पोषण, विकास और वृद्धि के लिए मूलभूत आवश्यकता माना जाता है।

देश में खाद्य सुरक्षा एक प्रमुख चिंता का विषय है। 2022 में, वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक ने खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत को 113 प्रमुख देशों में से 68वें स्थान पर रखा। 2023 में, ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा। इससे स्थिति का पता चलता है। देश में भुखमरी की यह स्थिति है कि सरकार करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज कोरोना काल से ही दे रही है, यह अभी आगे भी जारी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर साल चार लाख बीस हजार लोग दूषित खाने की वजह से अकाल मौत के शिकार हो जाते हैं। दुनियाभर में लगभग 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। इस वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हम ऐसे समय में मनाने जारहे है जब भारत भूख और गरीबी के दल दल से बाहर निकलने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया में विशेष रूप से संकट के समय खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है। खाद्य पदार्थ की बर्बादी प्रमुख समस्या बन गई है। दुनिया भर में सभी खाद्य पदार्थों का लगभग 50 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है और कभी भी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता है। मानव उपभोग के लिए लगभग एक तिहाई भोजन विश्व स्तर पर बर्बाद हो जाता है। दुनिया में लाखों लोग भूखे पेट सोने को मजबूर है या आधा पेट खाकर जीवन जीते हैं, वही कुछ ऐसे भी लोग हैं जो बहुत सारा भोजन बर्बाद कर देते हैं। विकासशील देशों में सबसे अधिक अन्न सही रख-रखाव न हो पाने के कारण भी बर्बाद हो जाता हैं जो बेहद चिंतनीय है। अन्न या भोजन की बर्बादी के प्रति हम सबको जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए ताकि एक सशक्त समाज और देश का निर्माण हो सके।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने अपनी फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2023 में देश और दुनिया का ध्यान भोजन की बर्बादी की ओर दिलाया है। रिपोर्ट के अनुसार खाने के लिए उपलब्ध भोजन का 17 प्रतिशत बर्बाद हो गया और लगभग 69 करोड़ लोगों को खाली पेट सोना पड़ा था। खाने की बर्बादी को लेकर दुनियाभर में चिंता व्यक्त की जा रही है। यही भोजन यदि गरीबों को सुलभ कराया जाये तो भूखे पेट सोने वालों की कमी आएगी। भारत भी खाना बर्बाद करने वाले देशों में शामिल है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने खाने की बर्बादी को लेकर डराने वाले आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक भारत में हर साल प्रति व्यक्ति 50 किलो खाने की बर्बादी हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा खाना लोग अपने घरों के भीतर बर्बाद करते हैं। वे जरूरत से ज्यादा खाना बनाकर फिर बचे खाने को फेंकते संकोच नहीं करते। होटलों और खाने-पीने के दूसरे स्थान भी इस कार्य में आगे है। खुदरा दुकानदार भी अनाज का ठीक से भंडारण नहीं कर पाते और खराब होने पर उसे फेंकना पड़ जाता है। आपने कई बार सुना होगा कि लोग अपना खाना बर्बाद करते हैं या आपने अपने घर में सुना होगा कि, आपके माता-पिता हमेशा आपको खाने को बर्बादी न करने की सलाह देते हैं, क्योंकि वे बखूबी समझते है कि खाना उनके लिए क्या माइने रखता है। एक कहावत बड़ी प्रचलित है कि इतना ही लो थाली में जो ना जाए नाली में। लेकिन आज इस बात पर कोई ध्यान नहीं देता है। अभी भी हमारे देश के कई राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड जैसे राज्य भुखमरी से जूझ रहे हैं। केवल बातें करने से न खाद्य सुरक्षा होगी और न ही भूखे को खाना मिलेगा। अब जबकि केंद्र में मोदी सरकार की वापसी हुई है, तो कठिन वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अपने देश में सबके लिए न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, बल्कि पौष्टिक आहार के साथ स्वास्थ्य की रक्षा भी करनी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
**दर्शन**

एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

# महिमा राम नाम की



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अबकी बार सरकार की कठिन होगी राह

हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी, मगर यह देश रहना चाहिए, क्योंकि देश सर्वोपरि है और एक राजनेता को प्राथमिक तौर पर अपने देश के लिए पूरी निष्ठा से काम करना चाहिए। लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि होती है। सभी राजनीतिक दलों को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए। इस बार के लोकसभा चुनाव में जिन राजनीतिक दलों को जीत हासिल हुई है, उन्हें बिना किसी भेदभाव के आमजन के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए, और जिन्हें हार मिली, उन्हें आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से सत्ता पक्ष के सामने रखना चाहिए।

*- कृष्णा साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मुलाकात की



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के मुलाकात की और ईसीआई द्वारा जारी अधिसूचना की प्रति, 18वीं लोकसभा के चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं, प्रस्तुत की गई।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### अनमोल उपहार



मुझे एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं देशवासियों से आग्रह करता हूं कि वे अपनी माँ के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। ये आपकी तरफ से उन्हें एक अनमोल उपहार होगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### वादे को पूरा करेंगे



तिरुपति में आपने आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा देने का वादा किया था। क्या वह वादा अब पूरा होगा? क्या विशाखापट्टनम स्टील प्लांट के निजीकरण को अब रोकेंगे? क्या बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देकर चुनावी वादे को पूरा करेंगे?

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### चैटजीपीटी चित्रण



वान गाफ़की तारों भरी रात और प्रबुद्धता के क्षण में बुद्ध का चैटजीपीटी चित्रण? मैंने चैटजीपीटी से बुद्ध के ज्ञानोदय के क्षण का वर्णन करने को कहा। इसने एक छवि बनाई। मैंने इसके लिए नहीं कहा था तो जाहिर है कि चैटजीपीटी मुझे जान रहा है।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

## करंट अफेयर

# तालिबान ने 63 लोगों को मारे कोड़े, संरा ने की निंदा



अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बुधवार को सारी पुल प्रांत में तालिबान द्वारा एक दर्जन से अधिक महिलाओं सहित 60 से अधिक लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की निंदा की। यूएनएएमए ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को कम से कम 63 लोगों को कोड़े मारे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने के लिए कहा। तालिबान के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में 14 महिलाओं समेत 63 लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की पुष्टि की। इन लोगों पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न, चोरी और अनैतिक संबंधों जैसे अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। उन्हें एक खेल स्टेडियम में कोड़े मारे गए। तालिबान ने एक उदार शासन देने के वादों के बावजूद, 2021 में फिर से सत्ता पर काबिज होने के बाद सार्वजनिक रूप से कठोर दंड देना शुरू कर दिया। वे लोगों को किसी भी अपराध के लिए फांसी, कोड़े मारना और पत्थर मारने जैसे दंड देते हैं। तालिबान के 1990 के दशक के शासन में भी यही होता था।

## ऑफ बीट

# अंतरिक्ष के अजीब रेडियो सिग्नल से वैज्ञानिक हैरान



जब खगोलशास्त्री हमारी रेडियो दूरबीनों को अंतरिक्ष की ओर मोड़ते हैं, तो कभी-कभी ब्रह्मांड के विशाल विस्तार से उत्पन्न होने वाली रेडियो तरंगों के छिटपुट विस्फोटों का पता चलता है। हम उन्हें 'रेडियो क्षणिकाएं' कहते हैं: कुछ केवल एक बार फूटते हैं, फिर कभी नहीं देखे जाते हैं, और अन्य पूर्वानुमानित पैटर्न में टिमटिमाते और बुझते रहते हैं। हमारा मानना है कि अधिकांश रेडियो क्षणिकाएं घूमते हुए न्यूट्रॉन सितारों से आती हैं जिन्हें पल्सर के नाम से जाना जाता है, जो ब्रह्मांडीय प्रकाशस्तंभों की तरह रेडियो तरंगों की नियमित चमक उत्सर्जित करते हैं। आमतौर पर, ये न्यूट्रॉन तारे अविश्वसनीय गति से घूमते हैं, प्रत्येक घूर्णन को पूरा करने में मात्र कुछ सेकंड या सेकंड का एक अंश भी लेते हैं। हाल ही में, हमने एक रेडियो क्षणिक की खोज की है जो खगोलविदों द्वारा पहले देखी गई किसी भी चीज़ से अलग है। न केवल इसका चक्र लगभग एक घंटे लंबा है (अब तक देखा गया सबसे लंबा), बल्कि कई अवलोकनों के दौरान हमने इसे कभी-कभी लंबी, उज्ज्वल चमक, कभी-कभी तेज़, कमजोर लहर उत्सर्जित करते हुए देखा - और कभी-कभी कुछ भी नहीं।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




Store location
Sundays open
✆ 91470 75332
Sadar Bazar, Raipur

लाइफ Style

# जाह्नवी

## होटलों से उठा लाती हैं तकिये

**जाह्नवी कपूर को अक्सर एयरपोर्ट पर तकिया लिए देखा जाता है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि वह होटलों से तकिये उठा लाती हैं। इतना ही नहीं, वह छोटी थीं तो एक दुकान से कुछ उठा लिया था जिस पर उनकी मां श्रीदेवी और पिता बोनी कपूर ने जाह्नवी को चोर कहा था।**

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी की फिल्म मिस्टर और मिसेज माही थिएटर्स में है। इसके प्रमोशंस के दौरान वह अपनी जिंदगी से जुड़े कई सीक्रेट्स खोल रही हैं। कर्ली टेल्स शो में जाह्नवी से पूछा गया कि क्या वह होटल्स से कुछ लाती हैं? इस पर वह बोलीं, पिलो। उनसे पूछा गया कि पूछकर लेती हैं या बस उठा लाती हैं। जाह्नवी बोलीं, कभी-कभी इजाजत लेती हूं। मैंने अलग-अलग होटल्स से लिए हैं। मैं जब भी ट्रैवल करती हूं या लंबी फ्लाइट लेती हूं और घर से तकिया भूल आई तो होटल से ले लेती हूं। ताकि, फ्लाइट में सो सकूं। जाह्नवी कॉफी विद करण में बता चुकी हैं कि बचपन में चीजें चुरा लेती थीं। उन्होंने इस इंटरव्यू में भी बचपन की घटना बताई। वह बोलीं, मैं बच्ची थी। शायद उस वक्त डिज्नी स्टोर में थी। कैंडी जैसा कुछ था। मुझे पैसे का कॉन्सेप्ट नहीं पता था। मैंने कुछ उठा लिया और भाग आई। पापा, मम्मा के पास आई तो कहा, मैं ये लाई और पैसे भी नहीं देने पड़ेंगे। उनका रिऐक्शन ऐसे था जैसे, तू चोर कहीं की। जाह्नवी के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह उलझ में नजर आएंगी। मूवी 5 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म आईएफएस अफसर की कहानी है। वह जूनियर एनटीआर के साथ तेलुगु डेब्यू भी कर रही हैं।





# 'बंटी और बबली-2' है दिल के करीब...

**मुंबई।** मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या' की वजह से शरवरी इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री इन दिनों इस फिल्म का जोर-शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच एक साक्षात्कार के दौरान बंटी और बबली के सीक्वल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस फिल्म की वजह से उनके लिए कई दरवाजे खुल गए। अभिनेत्री ने कहा, 'इंडस्ट्री के लोग इस फिल्म से पहले मुझे नहीं जानते थे। वे नहीं जानते थे कि शरवरी कौन है। अगर किसी चीज की वजह से आपको काम मिले तो उसे असफल नहीं कहा जा सकता। मैं हमेशा इसके लिए आभारी रहूंगी, चाहे इसने बॉक्स ऑफिस पर कैसा भी प्रदर्शन किया हो। मुझे बस और काम चाहिए।' यशराज राज की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म में वह जल्द ही आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने कहा, 'मेरी आगामी फिल्म में आलिया भट्ट हैं, जो हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार में से एक हैं। मैं इस फिल्म में अपना सौ प्रतिशत देना चाहती हूं, ताकि लोग इसे पसंद करें और मुझे भी इस यूनिवर्स में बाकी सभी लोगों की तरह ही प्यार मिले।'

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152




### Appointment आवश्यकता

#### टीचर

**आवश्यकता है-** Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained Teachers to teach English, Maths, Physics, Chemistry, Bio, SST, Science, Commerce & Primary teachers also Required (In English Medium), Interview on 10.06.2024, 10.00am at Gudhiyari, Janta Colony- 8109077721, 8109077723, Shivanand Nagar, Near Neem Dabri Talab- 8109077730. (RO-7482)

**RECRUITMENT-** Incharge, Teachers, Required for English Medium Primary Wing in Maharishi Dayanand H.S.School Kurud Road Kohka BHILAI. Qualification- Graduate/PG With English Medium. Last Date For Resume Submission- 15.06.2024, Resume Submit at D.A.V. Model H.S School Arya Nagar Durg. Whatsapp No - 94252-35536, Landline No- 0788-4050299. (Ro-499)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** इंग्लिश ,गणित ,विज्ञान, संस्कृत, कंप्यूटर टीचर ,क्लर्क व आया बाई महिला स्टाफ की आवश्यकता है । **संपर्क करें - प्रकाश पब्लिक हाई. स्कूल इंग्लिश मीडियम, सेक्टर - 11 जोन-1, खुर्सीपार नियर शासकीय ITI, मो.- 93991-47944.**(Ro -502)

**आवश्यकता है-** Uday Convent school kumhari & C.P S. School kumhari, Teacher Requirement for maths And English Subject. Qualification : Post Graduation, B.Ed. Contact, mo.- 96910-28777, 94062-17841.(Ro -503)

#### कुली/हेमाली

**आवश्यकता है-** दाल मिल में अनुभवी कर्मचारी 2 पद वेतन 12000, से प्रारंभ 5 कुली दाल मिल में, कुली एवं हमाली कार्य हेतु रोजी या ठेके पर आवश्यकता है। **कन्हैयालाल संतोष कुमार दाल बंजर पारा सड्डु रायपुर 9826141178, 7725800600.** (RO-6267)

#### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड की सुबह और रात की शिफ्ट के लिए। इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए पते पर **संपर्क करें- श्री वासू लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक। इंटरव्यू दिनांक- 06 जून 2024। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें– 7000681513.** (RO-2793)

क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है । **संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111** (D-560)

**आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु गार्ड की आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.** (RO-2800)

#### टीचर/माली/कलर्क

**शीघ्र आवश्यकता है-** कॉलेज/स्कूल के लिए शिक्षक/शिक्षिका एवं बाबू (कलर्क)/ रिसेप्सनिस्ट/ ड्राईवर/ माली/ सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है, **इच्छूक शीघ्र सम्पर्क करे उदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जामुल भिलाई -74709-84997.**(Ro -505)

#### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** रायपुर में पुरुष कोमा पेसेंट हेतु केयर टेकर की। रहने की व्यवस्था प्रदान की जावेगी। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क:- राकेश अग्रवाल, 73 लविस्ता कॉलोनी VIP रोड अमलीडीह रायपुर 9575042804 मिलने का समय सुबह 9 से 11 तक.**(RO-2790)

#### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, **संपर्क करें- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मोबाइल नंबर- 9425504853.**(RO-4424)

छोटा विज्ञापन

#### डिजाइनर

**आवश्यकता है-** फ्लैक्स दुकान में कोरल एवं फोटोशॉप के जानकार डिजाईनर की आवश्यकता हैं। **पता: सत्या फ्लैक्स, जी.ई. रोड, बुद्ध विहार के सामने, भिलाई, चरोदा, मो. नं. 9098701502.**(RO-7481)

**आवश्यकता है-** इंटीरियर डिजाईनर के लिए सेल्स हेतु युवक की आवश्यकता है। फ्रेशर एवं 1वर्ष अनुभवी, वेतन योग्यतानुसार इंटरव्यू 12/6/24 से 15/6/24 मिलने का समय 11से 2बजे तक पता- 236, 1th , फ्लोर ढिल्लन कॉम्प्लेक्स सुपेला भिलाई मो.-81092-06034, 89626-28740.(Ro -501)

#### वेल्डर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** पाइप लाइन में कार्य करने हेतु अतिशीघ्र वेल्डर, हेल्पर, की आवश्यकता है। **संपर्क-14, रविशंकर शुक्लामार्केट पावर हाऊस भिलाई मो.- 97551-40787.** (Ro -504)

#### मशीन फीटर

**आवश्यकता है-** आस्था हॉस्पिटल के पास सेजबहार रायपुर स्थित फिश फीड प्लांट हेतु एक अनुभवी मशीन फीटर की आवश्यकता है । **संपर्क- अनुराग दत्ता मो.7587323876.**(RO-1403)

#### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** सुमित बाजार के नए प्रतिष्ठान में काम करने के लिए लडके और लडकी की आवश्यकता है सुमीत बाजार ,**न्यू कोमल ज्वेलर्स के पास लिंक रोड पावर हाउस भिलाई - 92293-93942.** (Ro-495)

**आवश्यकता है-** मुख्यालय छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, एक्सटेंशन काउंटर बिलासपुर, दुर्ग और नया रायपुर में विभिन्न पदों पर संविदा के तहत ग्यारह महीने के लिए नियुक्तियाँ की जाएगी। भर्ती के लिए आवेदन ऑफिशियल email id- hqcosaurc1985@gmail.com पर करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in/ पर विजिट करें। (RO-2791)

#### पेट्रोल पम्प कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें - डागा पेट्रोल पम्प,फाफाडीह चौक,स्टेशन रोड, रायपुर** (RO-622)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

#### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** रायपुर ऑफिस में ऑफिस कार्य करने के लिए ऑफिस बॉय (स्नातक) एवं किताबों के बण्डल बाँधने हेतु 12वीं पास मेहनती लड़कों की। अनुभवी को प्राथमिकता। **सम्पर्क करें: 11.00 से 1.00 बजे। नवबोध प्रकाशन, 7, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.) फोन- 0771-4200932.** (RO-652)

#### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की तुरंत आवश्यकता है अनुभव- 10वर्ष लग्जरी कार चलाने का अनुभवी हो सेठजी के साथ चलने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-2799)

#### सुपरवाइजर/अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** प्लांट सुपरवाइजर, डिस्पैच सुपरवाइजर, जूनियर अकाउंट की आवश्कता है मिलें. **कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, भनपुरी, उरकुरा स्टेशन के पास, मो - 7999660480.**(RO-1487)

**आवश्यकता है-** रायपुर में कंस्ट्रक्शन कंपनी में (1) एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (2) अकाउंटेंट (3) ऑफिस कार्य हेतु लड़का लड़की (4) खाना बनाने, साफ सफाई का काम करने वाली महिला कर्मचारी चाहिए **संपर्क करें- निक्कू 9755177152 स्वर्णभूमि, रायपुर**(RO-34375)

#### मार्केटिंग/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** RS ट्रेडर्स एंड पावर टूल्स हेतु कंप्यूटर कर्मी जिसे टैली का अनुभव हो एवं मार्केटिंग सेल्समैन की वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:- रिंगरोड नं.1, प्रकाश स्विमिंग पूल के पास छत्तीसगढ़ नगर मोबाइल नंबर:- 9300297203.**(RO-2798)

**आवश्यकता है-** ज्वैलरी शॉप में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल्स, एक बॉय की आवश्यकता है **संपर्क करें:- ओम ज्वैलर्स शॉप नं. 64बी इंदिरा मार्केट दुर्ग।** (आरो नं.- 6339)

#### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** देवास, रीवा में रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वी से ग्रेजुएट अविवाहित युवकों की आवश्यकता है वेतन 10000 रहना खाना, रेल टिकट फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क- 7879951040, 7647803413.** (RO-34316)

हरिभूमि क्लासीफाईड

#### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** फलदार वृक्षों की खेती से संबंधित जानकर सुपरवाइजर की आवश्यकता है अनुभवी ही **संपर्क करे, मोबैयिल, 9302240005.** (RO-6264)

#### वर्कर

**आवश्यकता है-** लोहा लोडिंग व अनलोडिंग करने हेतु वर्कर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन. **संपर्क- श्री कृष्णा तालपत्री एंड हार्डवेयर, रिंगरोड नंबर- 2, भनपुरी, रायपुर मोबाइल- 9329647123.**(RO-1614)

#### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 टेलीकॉलर- 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-2797)

#### फिमेल स्टाफ

**आवश्यकता है-** ईमानदार व जरुरतमंद मेल/फिमेल स्टाफ चाहिए, रायपुर आफिस व दुकान के लिए, वेतन 6000-7000 तक **फोन 9399463415.** (RO-3967)

#### इंटीरियर वर्क

**आवश्यकता है-** एक नवयुवक की आवश्यकता है।। श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, दुकान हेतु।। जल गृह मार्ग, भाटागांव, बीकानेर मिठाई वाला के बगल में।। सम्पर्क समय सुबह 10 से 12 बजे। **दिनेश अठवानी, 7879311110.** (RO-2796)

छोटा विज्ञापन

#### लेबर

**आवश्यकता है-** लेबरों की, समय 9से 6बजे तक, 1 घंटा लंच, वेतन पांच अंकों में तीस दिन का। रुपये 200 का फ्री मोबाइल रीचार्ज। **संपर्क:- रुटेक इंडिया, 15/एफ हथखोज, निरोज इस्पात के गेट नम्बर 2 के सामने भिलाई ( छ.ग.) मो.- 70001-39818, 96308-71711, 99073-33370.**(आरो न.- 6343)

#### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** कंपनी में ऑफिस काम के लिए मैनेजर पद हेतु उड़िया, तेलुगू, बंगाली, बिहारी भाषिशित लड़कों की आवश्यकता है वेतन-15000 से 20000 रहना खाना फ्री **संपर्क करें:-मो.-94207-18173.** (RO-6341)

#### अन्य

**आवश्यकता है-** जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1322)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 8961256017.** (RO-236)

**आवश्यकता है-** AIRPORT कम्पनी द्वारा डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर ग्राउंड स्टॉफ क्लर्क चेकर लोडर गार्ड इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस रहना खाना फ्री. **7495042110.**(RO-2393)

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

### Medical चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है **मोबाइल नंबर 8461886239** (RO-995)

क्लासीफाईड

### Property प्रापर्टी

#### प्लाट

**प्लॉट बेचना है - दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त** 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। **मो. 9993135732.** (Ro-482)

#### वाहन

**वाहन बेचना है-** टाटा 207 पिकअप मॉडल 2007 कलर व्हाईट टिपटॉप रनिंग कंडीशन में बेचना है। **संपर्क करे:-मो.- 96177-76501, 98261-67227.**(Ro-500)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** लोन ! लोन! लोन गुरु कृपा फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) **संपर्क:- 7566746330.** (RO-237)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**






रोचक / रेखा शाह आरबी

# दुनिया के अजब-गजब ब्रिज

बच्चों, नदी पर बने ब्रिज हमारे आवागमन के लिए होते हैं। देश-दुनिया में कुछ ब्रिज तो इतने अनोखे और आकर्षक बने हैं कि इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां हम तुम्हें भारत और दुनिया में स्थित कुछ ऐसे ही अजब-अनोखे ब्रिज के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



## चीन का फ्लोटिंग ब्रिज

**यह फ्लोटिंग** ब्रिज, चीन के शिनजुआंग प्रांत में किंगजिआंग नदी के ऊपर बना है। पहली बार देखने पर ऐसा लगता है मानो यह ब्रिज नदी के ऊपर तैर रहा है। ब्रिज पर गाड़ियां मजे से सरपट दौड़ती हैं। इस ब्रिज का अजब नजारा देखने के लिए दुनिया भर के लोग यहां आते हैं। नदी में तैरने आए, लोग भी इस ब्रिज पर गाड़ी चलाकर इसका मजा लेते हैं। यह फ्लोटिंग ब्रिज, दुनिया भर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस ब्रिज को कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इस पर यात्रा करने वालों को ऐसा लगता है कि जैसे नदी उनके साथ चल रही है। इस ब्रिज पर यात्रा करना अपने आप में एक अद्भुत अनुभव है। शिनजुआंग आने वाले पर्यटकों के लिए यह ब्रिज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशंस में से एक है। *

## सिएटल फ्लोटिंग ब्रिज



**अमेरिका के** सिएटल में वाशिंगटन लेक पर बना यह ब्रिज दुनिया का सबसे लंबा फ्लोटिंग ब्रिज है। इसका निर्माण साल 2016 में किया गया था। इस पर बड़े-बड़े वाहन आसानी से निकल जाते हैं। ब्रिज को बिना किसी पिलर की मदद के कंक्रीट से बनाया गया है। ब्रिज को बिना किसी पिलर के फ्लोटिंग बनाने के पीछे का कारण यहां की मिट्टी है। दरअसल, यहां की मिट्टी बेहद नरम है, जो पिलर का वजन सहन नहीं कर सकती। इस ब्रिज का नजारा बेहद खूबसूरत है, इसलिए यह ब्रिज, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक बड़े आकर्षण का केंद्र है। *

## कोझीकोड फ्लोटिंग ब्रिज



**केरल के** कोझीकोड जिले में समुद्र तट पर यह ब्रिज स्थित है। समुद्र के ऊपर बना यह ब्रिज इसलिए अनोखा है क्योंकि यह हवा की लहरों के साथ हिलता है। जब पानी की लहरें आगे बढ़ती हैं, तो ब्रिज हवा के साथ झूलने लगता है। यह तैरता-सा पुल लगभग सौ मीटर लंबा है। सुरक्षा कारणों से लाइफ जैकेट पहनने के बाद ही टूरिस्टों को इस पर चलने की अनुमति दी जाती है। आमतौर पर लोग इस ब्रिज पर घूमने के लिए ही आते हैं, लहरों पर हिलते-डुलते ब्रिज का मजा लेते हैं। *

## रोलिंग ब्रिज



**लंदन (ब्रिटेन)** के ग्रैंड यूनियन कैनाल पर बना यह ब्रिज दुनिया भर के अन्य ब्रिज की तरह विशालकाय तो नहीं है, लेकिन यह काफी आर्टिस्टिक ब्रिज है। जब जरूरत होती है, इस ब्रिज को आवागमन के लिए खोल दिया जाता है और जब जरूरत नहीं होती तो इसे बंद कर दिया जाता है। इस ब्रिज का निर्माण वर्ष 2004 में हुआ था। आमतौर पर यह ब्रिज खुला और सीधा रहता है लेकिन कैनाल से जब किसी बोट को गुजरना होता है तो यह अपने आप रोल होकर एक ओर हटकर कोने में घूम जाता है। बोट के जाते ही फिर से खुलकर अपने पुराने आकार में आ जाता है। *

## विटिम रिवर ब्रिज



**रूस में** स्थित विटिम रिवर ब्रिज अपने एडवेंचर के लिए मशहूर है। इस ब्रिज को आज तक कुछ ही लोग पार कर पाए हैं, क्योंकि इसे पार करना खतरे से खेलना है, अपनी जान जोखिम में डालना है। यह ब्रिज पूरे साल अधिकतर बर्फ से ढंका रहता है। यह ब्रिज लकड़ी से बना है। इस ब्रिज पर जब गाड़ी गुजरती है तो यह हिलता भी है। मतलब, यह पुल इतना खतरनाक है कि अच्छे-अच्छे ड्राइवर इस पर गाड़ी चलाने से बचते हैं। लेकिन जो ड्राइवर डर पर काबू पाकर पुल पार कर लेता है, साहसी कहलाता है। *

## डेविल्स ब्रिज



**इस ब्रिज** का निर्माण लोगों के आने-जाने के लिए नहीं, बल्कि पर्यटकों के देखने के लिए किया गया है। इस ब्रिज का प्रतिबिंब जब पानी में नजर आता है तो ऐसा लगता है जैसे, पूरा एक सर्कल बन रहा है। इस तरह के ब्रिज यूरोपीय महाद्वीप के कई देशों में मौजूद हैं। ये डेविल्स ब्रिज इन देशों के फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुके हैं, जहां हजारों लोग आते हैं। इस ब्रिज के बारे में कई डरावनी कहानियां प्रचलित हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इस पुल का निर्माण शैतान की मदद से किया गया था, इसीलिए इसे 'डेविल्स ब्रिज' कहा जाता है। अपने नाम के विपरीत यह ब्रिज बेहद खूबसूरत दिखता है। *

# घुर्र-घुर्र की आवाज निकालने वाली गरनार्ड मछली

अनोखा जंतु / के.पी.सिंह

बच्चों, अगर तुमसे पूछा जाए, 'क्या तुमने कभी मछली की आवाज सुनी है?' तो तुम्हारा जवाब होगा 'नहीं।' लेकिन तुम्हें यकीन नहीं होगा कि एक समुद्री मछली ऐसी है, जो आवाज निकालती है, इस मछली का नाम है गरनार्ड। इसकी आवाज को हम सुन भी सकते हैं। तुम जरूर इस अनोखी मछली के बारे में जानना चाहोगे।



**क्यों नाम पड़ा 'गरनार्ड' :** बच्चों, गरनार्ड शब्द फ्रेंच भाषा के 'ग्रागनर' शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है- घुर्र-घुर्र की आवाज। मछुआरों द्वारा पकड़े जाने पर और पानी से बाहर निकालने पर गरनार्ड मछली घुर्र-घुर्र की आवाज निकालती है, इसलिए इसका नाम है गरनार्ड।

**कहां पाई जाती हैं गरनार्ड :** गरनार्ड मछली विश्व के अधिकांश उष्ण कटिबंधीय, उपउष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण सागरों और महासागरों में पाई जाती है। इंग्लैंड के आस-पास के सागरों में इसकी संख्या बहुत अधिक है। गरनार्ड मछली, अटलांटिक महासागर में नोवास्काटिया से लेकर वेनेजुएला तक मिलती है। यहां इसे 'समुद्री रॉबिंस' कहते हैं।

**समुद्री मछलियों से अलग :** गरनार्ड मछली की शारीरिक संरचना अन्य समुद्री मछलियों से बहुत अलग होती है। इसकी लंबाई 60 सेंटीमीटर से लेकर 90 सेंटीमीटर तक होती है। शरीर का रंग लाल-पीला, नारंगी होता है। गरनार्ड का सिर बड़ा, भारी और बक्से के आकार का होता है। इसके ऊपर हड्डियों की प्लेटें और कांटे होते हैं, जिनसे यह पूरे तरह सुरक्षित रहती है। इसकी आंखें, इसके सिर पर काफी ऊंचाई पर होती हैं, जिससे यह काफी दूरी तक सरलता से देख सकती है।

**कीड़े-मकोड़े को बनाती है अपना शिकार :** गरनार्ड मछली, अपना भोजन सागर तल पर आकर प्राप्त करती है। यह अपनी अंगुलियों जैसी संरचना से रेत कुरेदकर छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़ों का शिकार करती है। गरनार्ड की कुछ प्रजातियां केवल छोटे-छोटे क्रस्टेशियन और केकड़े खाती हैं।

**गरनार्ड के अंडे :** मादा गरनार्ड एक साथ ढेर सारे अंडे देती है। इन अंडों में गुलाबी या लाल रंग के तेल की बूंद होती है। इसी बूंद के कारण ये अंडे हल्के हो जाते हैं और पानी की सतह पर पहुंच जाते हैं। इन अंडों से 5-6 दिन में बच्चे निकल आते हैं।

**एक वर्ष में बच्चे होते हैं वयस्क :** अंडे से निकलने के बाद लगभग एक वर्ष में गरनार्ड के बच्चों की लंबाई 10 सेंटीमीटर से लेकर 15 सेंटीमीटर तक हो जाती है। इसके बच्चों के सिर आरंभ से ही बड़े और भारी होते हैं। एक वर्ष के हो जाने पर गरनार्ड के बच्चों के छाती के मीनपंख बड़े और कांटेदार हो जाते हैं और ये पूरी तरह वयस्क गरनार्ड जैसे दिखाई देने लगते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

## शिकंजी



छम-छम नाच रहा है नीबू
नाच रही नारंगी।
और संतरा पुलक रहा है
बजा रहा सारंगी।।
गर्मी का मौसम आया है
भीगी तन की गंजी।
नीबू लिए गिलास खड़ा है
पी लो आज शिकंजी।।

नीबू पानी नमक मिलाकर
और मिलाकर चीनी।
इसे शिकंजी कहते
फुर्ती आती भीनी-भीनी।।
नीबू और संतरा
नारंगी करते हैं अर्जी।
गर्मी में हम इंसानों को
देते सदा, एनर्जी।।

## जीके क्विज-107

1. कुछ दिन पहले भारत द्वारा लांच किए गए दुनिया के पहले थ्रीडी रॉकेट का क्या नाम है?
2. हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में किस राजनीतिक दल ने सबसे ज्यादा सीटें प्राप्त कीं?
3. भारतीय वायुसेना ने पहली बार स्वदेशी मोबाइल अस्पताल 'भीष्म' का परीक्षण कहां किया?
4. महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन किस देश में किया जाएगा?
5. 'लौहपुरुष' के उपनाम से किस महापुरुष को जाना जाता है?
6. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
7. 'बटरफ्लाई' शब्द का संबंध किस खेल से है?
8. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
9. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. भारत में पहली रेल किन दो स्थानों के बीच चली थी?



बच्चों, जीके क्विज-107 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-106 का उत्तर :** 1.3जून, 2.कामी रीता शेरपा, 3.अभिनव बिंद्रा, 4.लॉरेंस वोंग, 5.उलान बटोर, 6.विटामिन-ए, 7.इंदिरा प्वाइंट, 8.पत्रकारिता, 9.चार्ल्स बैवेज, 10.सैम मानेकशॉ

**जीके क्विज-106 का सही उत्तर देने वाले :** पवन कुमार-जींद, रिया-बिलासपुर, कबीर-हिसार, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, मुक्ता-बीकानेर, पलक-अटेली मंडी, देवेश-रायपुर, नेहा-भोपाल, पायल-धमतरी

## हंसगुल्ले



**नव्या :** आइसक्रीम को पिघलने से बचाने के लिए क्या करना चाहिए?
**नैंसी :** इसे फटाफट खा लेना चाहिए।
-खुशबू, रायपुर

**टीचर (रोहन से) :** पांच में से पांच घटाने पर कितने बचेंगे?
**रोहन (सिर खुजाते हुए) :** पता नहीं सर।
**टीचर (समझाते हुए) :** मान लो, तुम्हारे पास पांच भटूरे हैं और मैं पांच भटूरे तुमसे ले लूं, तो तुम्हारे पास क्या बचेगा?
**रोहन (मुस्कुराते हुए) :** छोले।
-चिराग, हिसार

चिंटू एक दिन स्कूल में गधा लेकर आ गया।
**टीचर :** इसे क्यों लाए हो?
**चिंटू :** सर, आप ही तो कहते हैं, 'मैंने बड़े-बड़े गधों को इंसान बनाया है।' मैंने सोचा, इस बेचारे का भी भला हो जाए।
-दिव्या, बिलासपुर

कहानी
पूर्ति वैभव खरे

गर्मी की छुट्टियां हुईं तो जानवरों के बच्चों ने ऐसी धमा-चौकड़ी मचाई कि सबकी नाक में दम कर दिया। जंगल के राजा शंभू शेर के पास बच्चों के धमाल की शिकायत पहुंची। इस समस्या से निपटने के लिए शंभू शेर ने एक बैठक बुलाई। क्या इस बैठक से समस्या का कोई हल निकल पाया, बच्चों की धमाल खत्म हो पाई?

# जंगल में धमाल



गर्मी की छुट्टियां होने के बाद सभी जानवरों के बच्चे खूब धमा-चौकड़ी कर रहे थे। उनकी शरारतें काफी बढ़ी हुई थीं। कोई पेड़ों की टहनियां तोड़ता, कोई आपस में लड़ाई करता, कोई बेवजह दूसरे जानवरों को परेशान करता। बच्चों की ऐसी हरकतें देखकर हप्पू हाथी परेशान हो गया। वह अपनी परेशानी लेकर जंगल के राजा शंभू शेर के पास गया। उसने उन्हें बताया, 'महाराज! जब से गर्मी की छुट्टियां शुरू हुई हैं, जंगल का माहौल बहुत खराब हो गया है। चूंकि बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, सारे दिन खाली रहते हैं, इसलिए दिन-भर पूरे जंगल में हुड़दंग मचाते रहते हैं।'

राजा शंभू शेर को भी इस बात की चिंता हुई, वह बोला, 'सही कह रहे हो हप्पू! यही शिकायत लेकर कुछ देर पहले लकी लोमड़ी के मां-बाप भी मेरे पास आए थे। समझ नहीं आ रहा है कि बच्चों के खाली समय का सदुपयोग कैसे किया जाए? वैसे मेरे दिमाग में एक उपाय है, लेकिन पहले तुम जाकर सभी जानवरों को एक जगह पर एकत्र करो। हम सबके साथ एक बैठक करेंगे।'

हप्पू हाथी ने जंगल के राजा शंभू शेर की आज्ञा का पालन किया। सभी जानवरों को एक जगह एकत्रित किया। राजा शंभू शेर इन जानवरों की शिकायत लेकर बैठे कि इस गर्मी की छुट्टी में बच्चे जमकर हुड़दंग कर रहे हैं। जंगल के जानवरों को परेशान कर रहे हैं। इन्हें रोका जाए।

राजा शंभू शेर सबकी समस्या को समझ रहा था। उसके खुद के दो बच्चे थे, जिन्होंने आजकल नाक में दम कर रखा था। शंभू शेर सहित सभी जानवर इस समस्या का कोई कारगर उपाय चाहते थे। तभी शंभू शेर ने अपना आइडिया सबसे साझा किया, वह बोला, 'जंगल के सभी जानवर एक-दूसरे को अपना-अपना हुनर सिखाएंगे। जैसे-तोता बच्चों को पाठ कंठस्थ करना सिखाएगा। हिरन दौड़ना सिखाएगा, मेंढक फुदकना सिखाएगा, भालू नृत्य, बंदर संतुलित होकर उछल-कूद करना और मैं स्वयं बच्चों को निडरता-बहादुरी का पाठ सिखाऊंगा।'

राजा शंभू शेर ने अपनी बात पूरी की ही थी कि हप्पू हाथी जोर-जोर से रोने लगा। राजा ने उससे रोने का कारण पूछा तो हप्पू ने रोते हुए बताया, 'मुझमें तो कोई भी प्रतिभा नहीं है। मैं तो बच्चों को कुछ नहीं सिखा पाऊंगा।' यह कहकर हप्पू हाथी 'ऊं.. ऊं.' करके जोर-जोर से रोने लगा।

राजा शंभू शेर ने उसे पुचकारा, 'अरे! भाई हप्पू, रोओ नहीं। किसने कहा कि तुम गुणी नहीं हो। तुम्हारे जैसे शांत स्वभाव वाला यहां जंगल में कोई नहीं है। साथ ही तुम्हें गुस्सा भी तब खूब जोर से आता है, जब तुम कुछ गलत होते देखते हो। ऐसा तगड़ा विरोध प्रकट करते हो कि सब देखते रह जाते हैं। तुम्हारा एक और गुण हम सबको सिखाता है कि जब चलो, सावधान होकर चलो। तुम चलते वक्त जिस तरह अपनी सूंड से फूंक मारते हुए एक-एक कदम रखते हो कि अगर राह में कोई बाधा है तो हट जाए। तुम्हारे पास सावधानी बरतने का जो गुण है, यह तुम जंगल के बच्चों को भी सिखाओ।'

सभी जानवरों ने यह सुनकर हप्पू हाथी के प्रति अपने-अपने ढंग से प्रशंसा प्रकट की। राजा शंभू शेर आगे भी बोला, 'हर कोई हुनरबाज होता है। ईश्वर ने सबको कोई न कोई गुण, प्रतिभा दी है लेकिन हम अपने अंदर की प्रतिभा को पहचान नहीं पाते। छुट्टियों का समय अपने अंदर की प्रतिभा को जानने और बढ़ाने का सबसे अच्छा समय है। इसे हम एक-दूसरे में बांटें भी।'

दूसरे दिन से ही जंगल के जानवरों ने बच्चों की कक्षा शुरू कर दी। जिस बच्चे की जो हुनर सीखने में रुचि थी, उसने वह सीखना शुरू कर दिया। इस तरह जानवरों के बच्चों की गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग हुआ। बच्चों से जानवरों को जो शिकायत थी, वह दूर हो गई। बच्चों को भी तरह-तरह के हुनर सीखने में मजा आया, वे बहुत खुश हुए। *

जानकारी

# हीरे से जुड़ी रोचक बातें

बच्चों, हीरा यानी डायमंड के बारे में तुमने जरूर पढ़ा या सुना होगा। हो सकता है, इसे देखा भी हो। यह धातु अपनी चमक और खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यह ग्रेफाइट की तरह ही कार्बन का अपररूप होता है। जानो, हीरे से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**हीरा, हीरे से ही कटता है:** हीरा एक बहुत ही कीमती धातु है। संसार के सभी पदार्थों की तुलना में हीरा सबसे अधिक सख्त होता है। यह इतना सख्त होता है कि इसे किसी दूसरी धातु से नहीं काटा जा सकता। हीरे को केवल हीरा ही काट सकता है। इसे काटने के लिए इसी का पावडर धातु में मिलाकर आरी बनाई जाती है फिर उससे हीरा कटता है।



**कार्बन का क्रिस्टलीय फॉर्म:** हीरा वास्तव में कार्बन का एक मणिभीय (क्रिस्टल) रूप है, जो कोयले की खदानों (कोल माइंस) से प्राप्त होता है। यह लगभग 900 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान पर धीरे-धीरे जलने लगता है। 1000 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान पर जलकर यह ग्रेफाइट में बदल जाता है।

**ऊष्मा का सुचालक-बिजली का कुचालक:** हीरा ऊष्मा का अच्छा सुचालक है। जैसे ही इसके एक सिरे को गर्म करते हैं, वैसे ही दूसरा सिरा भी गर्म हो जाता है। इसकी ऊष्मा-चालकता तांबे से भी पांच गुनी अधिक होती है, लेकिन यह बिजली का कुचालक होता है। यानी, इसमें बिजली प्रवाहित नहीं होती है।

**प्राकृतिक-कृत्रिम हीरे में अंतर:** वर्ष 1955 तक हीरा केवल प्राकृतिक रूप में खानों से ही प्राप्त होता था। लेकिन इसके बाद हीरे का निर्माण कुछ कृत्रिम विधियों से भी होने लगा है। खानों से मिलने वाले हीरे को प्राकृतिक हीरा कहा जाता है और कृत्रिम तरीकों से बनाए जाने वाले हीरे को कृत्रिम हीरा कहते हैं। प्राकृतिक हीरा सबसे अधिक अफ्रीका महाद्वीप में मिलता है। संसार के 95 प्रतिशत प्राकृतिक हीरे यहीं से प्राप्त होते हैं। *

-एफएमएन

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।



उत्तर: 1.लड़के की एक आंख बंद है। 2.उसके कैप की डिजाइन अलग है। 3.उसकी टी-शर्ट के गले में स्ट्रिप नहीं है। 4.उसकी निकर में डोरी बंधी हुई है। 5.उसने एक पैर में मोजा नहीं पहना है।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां कुछ वन्यजीवों की तस्वीर के कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को ऐसे जोड़ो कि ये ऊपर कोने में बने चित्र जैसा दिखे। तो जल्दी से सही जगह पर कट-आउट्स लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर: a-3, b-8, c-1, d-9, e-2, f-7, g-4, h-6, i-5

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां हाथ में बुके लिए एक लड़के का चित्र और उसके बगल में कुछ परछाइयां दी गई हैं। चित्र को ध्यान से देखो और लड़के की सही परछाई पहचानो।




उत्तर: 4

## खबर संक्षेप

### प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में 10 भारतीय स्टार्टअप




**नई दिल्ली।** पिक्सल, निरमाई और सर्वम एआई समेत 10 भारतीय स्टार्टअप ने विश्व आर्थिक मंच की अगुवा प्रौद्योगिकी कंपनियों की इस साल की सूची में जगह बनाई है। स्वास्थ्य सेवा नवाचार तथा जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष व न्यूरोटेक्नोलॉजी में प्रगति के लिए एआई में नई चीजों को शामिल करने पर केंद्रित हैं।

### आईईएक्स के कारोबार में 29 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) में कुल कारोबार मात्रा इस साल मई में करीब 29 प्रतिशत बढ़कर 1,063.3 करोड़ यूनिट रही। एक साल पहले इसी महीने में यह 825.1 करोड़ यूनिट थी।बयान के अनुसार, आईईएक्स की मासिक कारोबार मात्रा मई, 2024 में 29 प्रतिशत बढ़कर 1063.3 करोड़ यूनिट रही।

### ईकेए मोबिलिटी ने येल्ने को अध्यक्ष किया नियुक्त




**मुंबई।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी ईकेए मोबिलिटी ने विजयकुमार येल्ने को कंपनी का अध्यक्ष नियुक्त करने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, मुरली राजू को मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (सीसीओ) तथा जोएब करमपुरवाला को मुख्य उत्पाद अधिकारी (सीपीओ) नियुक्त किया गया है।

### रिन्यू एनर्जी ग्लोबल के लाभ में सात गुना वृद्धि




**नई दिल्ली।** रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी का वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ सात गुना होकर 70 लाख अमेरिकी डॉलर रहा। कंपनी बयान के अनुसार, चौथी (मार्च) तिमाही में कुल राजस्व 4.4 प्रतिशत घटकर 29.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर रह गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में यह 31.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

### मिर्जापुर थर्मल एनर्जी बनी अदाणी पावर की इकाई




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पावर ने कहा कि उसे अपनी 99.8 प्रतिशत इक्विटी आवंटित करने के बाद मिर्जापुर थर्मल एनर्जी यूपी प्राइवेट लिमिटेड उसकी इकाई बन गई है। 'कंपनी को मिर्जापुर थर्मल एनर्जी यू.पी. प्राइवेट लिमिटेड (एमटीईयूपीएल) द्वारा तरजीही आधार पर 10 रुपये प्रत्येक के 50,00,000 इक्विटी शेयर आवंटित किए गए हैं।

### चांदी 1,400 रुपए उछली सोना 680 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 680 रुपये की तेजी के साथ 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये बढ़कर 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजार में तेजी के संकेत के बीच दिल्ली बाजार में हाजिर सोना (24 कैरेट) 680 रुपये बढ़कर 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।

# सब्जियों की कीमतों में उछाल से वेज-थाली हुई 9% महंगी, नॉन-वेज को राहत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मई महीने में शाकाहारी थाली की औसत लागत नौ प्रतिशत तक बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी को इसकी वजह बताया गया।

■ क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस ने जारी की रिपोर्ट

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में शाकाहारी थाली महंगी होने की बात कही गई। हालांकि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है।

## प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी वजह

### चावल और दाल की कीमतों में भी वृद्धि

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, 'रबी की फसल के रकबे में भारी कमी के कारण प्याज की कम आवक तथा पश्चिम बंगाल में फसल खराब होने से आलू की आवक कम होने से इन सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई।'इसके अलावा चावल और दालों की कीमतों में भी क्रमशः 13 प्रतिशत और 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



### वेज-थाली बढ़कर 27.8 रुपए

रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी भोजन की कीमत मई में बढ़कर 27.8 रुपये प्रति थाली हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। वहीं एक महीने पहले अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की थी।

### टमाटर 39 प्रतिशत रहा महंगा

इस थाली में मुख्य रूप से रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं। रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 39 प्रतिशत, आलू में 41 प्रतिशत और प्याज में 43 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है।

### नान-वेज थाली की कीमत घटकर 55.9 रुपए

जीरा, मिर्च और वनस्पति तेल की कीमतों में क्रमशः 37 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और आठ प्रतिशत की गिरावट आने से शाकाहारी थाली की लागत में और वृद्धि नहीं देखी गई। इसके उलट मांसाहारी थाली की लागत मई में घटकर 55.9 रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 59.9 रुपये थी। यह अप्रैल, 2024 में 56.3 रुपये प्रति थाली की कीमत से भी कम है।

### ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत 16 फीसदी गिरी

मासाहारी थाली में अन्य सभी सामग्री समान होती है, लेकिन दाल की जगह मुर्गे का मांस होता है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट का मुख्य कारण है। ब्रॉयलर का मांसाहारी थाली की कुल कीमत में 50 प्रतिशत हिस्सा होता है।

## जुर्माने की राशि चूक के मामलों की संख्या के आधार पर होगी निर्धारित

# सेबी ने निगरानी में चूक के लिए शेयर बाजारों पर जुर्माने के दिशानिर्देश किए जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*बाजार नियामक सेबी ने खुदरा निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए असामान्य या संदिग्ध कारोबारी गतिविधियों का पता लगाने में चूक के लिए शेयर बाजारों और अन्य बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) पर लगाने वाले जुर्माने से संबंधित एक रूपरेखा बृहस्पतिवार को जारी की।*

निगरानी से संबंधित चूक पर वित्तीय जुर्माने की राशि पिछले वित्त वर्ष में किसी एमआईआई... शेयर बाजार, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी... के कुल वार्षिक राजस्व और वित्त वर्ष में ऐसी चूक के मामलों की संख्या के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

### सेबी ने जारी किया परिपत्र

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि नया प्रारूप एक जुलाई, 2024 से लागू होगा। सेबी ने कहा, 'एमआईआई द्वारा निगरानी का सामान्य उद्देश्य बाजार की सत्यनिष्ठा को प्रभावित करने वाली हेराफेरी या गड़बड़ी वाले कारोबार का पता लगाने और उसे रोकने के लिए बाजार की निगरानी करना और नियामक की प्रवर्तन कार्रवाइयों का समर्थन करने वाली जानकारी प्रदान करना है।'

### एमआईआई अलर्ट तैयार करेगी

एमआईआई को बाजार में दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों की निगरानी करना, असामान्य या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देना और अलर्ट तैयार करके और उनका प्रसंस्करण करके बाजार मध्यस्थों के आचरण की निगरानी करना, व्यापार के औचित्य की तलाश करना और त्वरित विश्लेषण करना होता है।



### चूक की निगरानी होगी

निगरानी संबंधी चूक के तहत निगरानी में आई कोई चूक, निगरानी संबंधी गतिविधि की कोई अपर्याप्त जानकारी और निर्धारित समय में निगरानी उपायों को लागू करने में नाकामी के साथ उन्हें लागू करने में कोई देरी या केवल आंशिक रूप से लागू करना शामिल है।

■ उद्देश्य बाजार की सत्यनिष्ठा प्रभावित करने वाले हेराफेरी का पता लगाना

*जुर्माने की राशि इस प्रकार: वित्तीय जुर्माने की राशि के संबंध में सेबी ने कहा कि यदि किसी एमआईआई का कुल वार्षिक राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से कम है, तो निगरानी संबंधी चूक के पहले मामले में 25 लाख रुपये, दूसरे मामले में 50 लाख रुपये और तीसरे मामले से एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।*

### 20 लाख तक लगाया जाएगा जुर्माना

वहीं, किसी एमआईआई का कुल वार्षिक राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से कम और 300 करोड़ रुपये तक होने पर चूक के पहले, दूसरे और तीसरे मामले में क्रमशः पांच लाख रुपये, 10 लाख रुपये और 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी तरह, यदि राजस्व 300 करोड़ रुपये से कम है, तो निगरानी संबंधी चूक के पहले, दूसरे और तीसरे मामले में क्रमशः एक लाख रुपये, दो लाख रुपये और चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

### दलीलें पेश करने का समय मिलेगा

एमआईआई में निगरानी संबंधी चूक की पहचान के बाद बाजार नियामक उस एमआईआई को अपनी दलीलें पेश करने का अवसर देगा। कोई भी जुर्माना लगाने से पहले नियामक इन दलीलों पर विचार करेगा। जुर्माना लगाए जाने पर संबंधित एमआईआई को 15 कार्य दिवसों के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण और शिक्षा कोष में राशि जमा करनी होगी।

### जुर्माने का ढांचा इन मामलों में लागू नहीं होगा

नियामक ने कहा कि निगरानी संबंधी चूक के लिए जुर्माने का ढांचा उन मामलों में लागू नहीं होगा, जहां इसका व्यापक बाजार प्रभाव पड़ता है या बड़ी संख्या में निवेशकों को नुकसान होता है या बाजार की अखंडता प्रभावित होती है। इसके अलावा यह दिशानिर्देश उन मामलों के लिए लागू नहीं होंगे जो प्रक्रियात्मक प्रकृति के हैं।

# अलौह धातुओं की मांग करीब 10% रहेगी : इक्रा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ तांबा और एल्यूमीनियम में मांग बने रहने की संभावना

■ वैश्विक मांग में दो प्रतिशत की वृद्धि अपेक्षित

तांबा और एल्यूमीनियम सहित अलौह धातुओं की मांग चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 10 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो वैश्विक मांग में दो प्रतिशत की अपेक्षित वृद्धि से काफी अधिक है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, इसके अलावा कोयले की कीमत में कमी से कच्चे माल की लागत का दबाव भी कुछ हद तक कम होने की संभावना है।एजेंसी ने बयान में कहा, 'घरेलू मोर्चे पर वित्त वर्ष 2024-25 में अलौह धातुओं की मांग करीब 10 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो वैश्विक मांग में लगभग दो प्रतिशत की अपेक्षित वृद्धि से काफी अधिक है। इक्रा ने कहा, 'कोयले पर घरेलू ई-नीलामी प्रीमियम हाल के महीनों में कम किया गया। अप्रैल 2024 में यह करीब 50 प्रतिशत था जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में करीब 150 प्रतिशत के अत्यधिक स्तर पर था।' रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत धातु कीमतें और कच्चे माल की अनुकूल लागत से घरेलू अलौह धातु इकाइयों की लाभप्रदता बढ़ सकती है।

### कच्चे माल की लागत नियंत्रण में रहेगी

इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश कुमार कदम ने कहा, 'कच्चे माल की लागत काफी हद तक नियंत्रण में रहने तथा प्राप्ति में अच्छी वृद्धि से घरेलू संस्थाओं का परिचालन मुनाफा वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 17 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर करीब 23 प्रतिशत रहने का अनुमान है।'

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 692 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्र में अगली सरकार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही पास रहने की संभावना से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी क्रमशः 692 अंक और 201 अंकों की बढ़त लेने में सफल रहे।

■ बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स फिर 75 हजार के पार

■ मोदी के नेतृत्व में सरकार बनती देख निवेशक उत्साहित

बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 75,000 के स्तर को एक बार फिर हासिल करते हुए 692.27 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछलकर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक तक बढ़कर 75,297.73 पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 201.05 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 22,821.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 289.8 अंक यानी 1.28 प्रतिशत बढ़कर 22,910.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में सर्वाधिक बढ़त दर्ज की गई।



### अदाणी के शेयरों में तेजी जारी

अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर लगातार दूसरे दिन बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई में अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 5.10 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस का शेयर 3.97 प्रतिशत, एनडीटीवी का शेयर 3.70 प्रतिशत, अदाणी पावर का शेयर 3.17 प्रतिशत और अदाणी विल्मर का शेयर 3.05 प्रतिशत चढ़ा।

# एलन रायपुर के 3 स्टूडेंट्स के नीट-यूजी 2024 मे 700 से ज्यादा अंक

**रायपुर।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल इलेजिब्लिटी एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी)- 2024 का परिणाम जारी कर दिया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी परिणामों में एलन रायपुर के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन के 3 स्टूडेंट्स ने 700 से ज्यादा अंक हासिल किये।

एलन रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि एलन रायपुर के क्लासरूम स्टूडेंट निलय सूचक ने 720 में से 706 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक- 815 हासिल की। इसके अलावा एलन रायपुर के राघव अग्रवाल ने 705 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक- 954। वहीं कुणाल अजवानी ने 700 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक- 2323 प्राप्त की। कुणाल सिंह ने आगे बताया कि एलन रायपुर के 10 स्टूडेंट्स ने 685 से अधिक, 24 स्टूडेंट्स ने 660 और 32 स्टूडेंट्स ने 650 से अधिक मार्क्स हासिल किए। मेधाविद बरलोटा 696, मालविका गुप्ता 690, महक नवानि 687 अंक और अर्पित अग्रवाल ने 686 अंक प्राप्त किए। तनय चंद्राकर, राजगौरव शुक्ला, और लक्ष्य देवांगन ने 685 अंक प्राप्त किए। एलन के 26 स्टूडेंट्स को ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त हुई है। इनमें 17 क्लासरूम तथा 9 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग से हैं। इन 17 एलन क्लासरूम स्टूडेंट्स में वेद शिंदे, माजिन मंसूर, रूपायन मंडल, प्राचिता, खुशबू, शैलजा, दिव्यांश, शशांक शर्मा, आर्यन शर्मा, कहकशा परवीन, कृष्णमूर्ति पंकज सिवाल, वेद पटेल, माने नेहा कुलदीप, रितिक राज, तेजस सिंह, अभिनव किसना और जहानवी शमिल हैं। इसके साथ ही अर्गदीप दत्ता, इशा कोठारी, तथागत अवतार, उम्यमा मालबारी व मानव प्रियदर्शी एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से तथा अंजलि, आदर्श सिंह, दर्श पगधर, शिखिन गोयल ने एलन से डिस्टेंस लर्निंग से जुड़कर ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की।



### भीषण गर्मी के बीच कोला आइसक्रीम की बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच कोला, पेय पदार्थ, आइसक्रीम सहित गर्मी से राहत प्रदान करने वाले अन्य उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। पेप्सिको इंडिया और कोका कोला जैसे पेय पदार्थ विनिर्माताओं ने कहा कि पूर्वी, उत्तर और मध्य भारत में मांग में भारी उछाल आया है। कंपनियों ने मांग में भारी बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए अपना भंडार (इन्वेंट्री) बढ़ा लिया है। उत्पाद ई-वाणिज्य सहित खुदरा मंच पर उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हों यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

## बीएचईएल को अदाणी पावर से मिला 3,500 करोड़ का ऑर्डर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बीएचईएल को छत्तीसगढ़ के रायपुर में ताप-विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए अदाणी पावर लिमिटेड से 3,500 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है।

■ कंपनी ने पांच जून को अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए

बीएचईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'कंपनी ने पांच जून को अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें अतिमहत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी पर आधारित 800-800 मेगावाट की दो बिजली परियोजनाओं के लिए उपकरणों (बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर) की आपूर्ति और स्थापना एवं संचालन का पर्यवेक्षण शामिल है।'कंपनी ने कहा कि ऑर्डर 3,500 करोड़ रुपये से अधिक का है। इसमें माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अलग से लगेगा।




बीएचईएल ने कहा कि बॉयलर और टर्बाइन जनरेटर उसके त्रिची और हरिद्वार स्थित कारखानों में बनाए जाएंगे।

## एक्सिस बैंक ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**रायपुर।** भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को संरक्षित करने और वहनीयता को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत कई पहलों का आयोजन किया। लोगों के बीच पर्यावरण संबंधी चेतना और जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए एक्सिस बैंक ने 'ओपन फॉर द प्लैनेट क्लीन-अ-थॉन' का आयोजन किया। मुंबई, पूणे, वाराणसी, नई दिल्ली, गुवाहाटी, बेंगलुरु और हैदराबाद स्थित 23 सबसे अधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर 5 से 12 जून, 2024 तक एक सप्ताह तक सफाई अभियान चलाया जाएगा।




## तीन ट्रिलियन से ज्यादा हुआ कंपनी का एमकैप

# दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मूल्यवान कंपनी बनी एनवीडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी चिप मेकर एनवीडिया के शेयरों में पिछले कई महीनों से जारी ऐतिहासिक रैली में लगातार नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। एक बार फिर से उसके शेयरों में जबरदस्त तेजी देखी गई और उसके साथ ही कंपनी ने एक नया बेमिसाल रिकॉर्ड भी बना दिया। एनवीडिया अब एमकैप के लिहाज से एप्पल को पीछे छोड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी है।

■ एप्पल से भी बड़ी कंपनी बन गई एनवीडिया

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को एनवीडिया का शेयर 5.2 फीसदी उछलकर 1,224.40 डॉलर के नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ ही एनवीडिया की वैल्यू अब 3 ट्रिलियन डॉलर के पार निकल गई है। ऐसा पहली बार हुआ है जब एनवीडिया का एमकैप 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हुआ है। अभी 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा एमकैप रखने वाली कंपनियां दुनिया में सिर्फ तीन हैं।

### नंबर वन बनने से सिर्फ इतनी दूर

मार्च में जब एनवीडिया ने सऊदी अरामको को पीछे छोड़ा था, तब उसकी वैल्यू बढ़कर 2.056 ट्रिलियन डॉलर हुई थी। यानी पिछले 3 महीने के दौरान एनवीडिया की वैल्यू में 1 ट्रिलियन डॉलर का भारी-भरकम इजाफा हुआ है। उससे पहले फरवरी में एनवीडिया अमेजन, गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट और फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा जैसी दिग्गजों को पछाड़कर अमेरिकी बाजार की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बनी थी। अगर इसी रफ्तार से एनवीडिया की रैली जारी रही तो कुछ ही दिनों में वह माइक्रोसॉफ्ट को पछाड़कर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी होने का दर्जा भी हासिल कर सकती है।




### दुनिया की 3 सबसे बड़ी कंपनियां

कंपनीज मार्केट कैप डॉट कॉम के अनुसार, अभी माइक्रोसॉफ्ट 3.15 ट्रिलियन डॉलर की वैल्यू के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। वहीं एनवीडिया 3.01 ट्रिलियन डॉलर की वैल्यू के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। एप्पल अब 3.003 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर है। चौथा नंबर गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट का है।

### मार्च में हासिल किया था तीसरा पायदान

सऊदी अरब की कंपनी सऊदी अरामको अभी फिसलकर छठे स्थान पर आ गई है। कुछ महीने पहले तक यह तीसरे नंबर की कंपनी थी। उसे एनवीडिया ने इसी साल मार्च महीने में पीछे छोड़ा था और दुनिया की तीसरी सबसे मूल्यवान कंपनी का दर्जा हासिल किया था।

### स्टरलाइट टेक ने ऑप्टिकल नेटवर्क के सीईओ को हटाया



**नई दिल्ली।** ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी कंपनी स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज ने ऑप्टिकल नेटवर्क बिजनेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पॉल एटकिंसन को बर्खास्त कर दिया है। एटकिंसन सितंबर, 2021 में ऑस्ट्रेलियाई कंपनी आईएक्सओएम से स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज में शामिल हुए थे। कंपनी जल शोधन, रासायनिक सोर्सिंग और विनिर्माण सहित अन्य क्षेत्रों में काम करती है। 'स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज के सीईओ... ऑप्टिकल नेटवर्किंग बिजनेस... पॉल एटकिंसन को पांच जून, 2024 को कंपनी की पहल पर सेवा से हटा दिया गया।'

# ‘नम हुई आंखें’... अंतिम मैच के बाद भावुक हुए सुनील छेत्री, भारतीय फुटबॉल के पोस्टर बॉय ने लिया संन्यास

राष्ट्रीय टीम के लिए 151 मैच में दागे 94 गोल



एजेंसी ⏭ कोलकाता

भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मुकाबले के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह दिया। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को खत्म किया। इस दौरान उन्हें अधिकारियों ने उपहार-ट्रॉफी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अपने आखिरी मैच के बाद छेत्री भावुक हो गए और मैदान पर ही रोने लगे। उन्होंने मैच के बाद पूरे स्टेडियम का लैप ऑफ ऑनर भी लिया और दर्शकों को धन्यवाद दिया। भारतीय टीम ने छेत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो वह रोने लगे। भारत ने कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला।






### खिलाड़ियों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

मैच समाप्त होने के बाद छेत्री ने पूरे स्टेडियम में लैप ऑफ ऑनर लेकर फैंस को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर वापस जाने लगे तो टीम के साथी खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में आखिरी बार मैदान छोड़ते समय 39 वर्षीय छेत्री और भावुक हो गए। गार्ड ऑफ ऑनर के लिए आगे बढ़ने से पहले छेत्री रोने लगे। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान को अन्य खिलाड़ियों ने सांत्वना दी। इसके बाद छेत्री जर्सी बदलकर मैदान पर आए।

### भारत-कुवैत मैच ड्रॉ

भारतीय फुटबॉल टीम अपने करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को जीत के साथ विदाई देने में नाकाम रही और कुवैत के खिलाफ गुरुवार को यहां उसने फीफा विश्व कप 2026 का क्वालीफायर मैच ड्रॉ खेलकर अपनी आगे बढ़ने की राह भी मुश्किल कर दी।

### 2005 में किया डेब्यू

*छेत्री भारत के फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया और उनका कॅरियर लगभग दो दशकों तक चला। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए 151 मैच खेले और 94 गोल किए। उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने और सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड है।*

### तीसरे सबसे महान फुटबॉलर



सुनील ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत साल 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल (94) करने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। वहीं, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी के बाद सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्हें साल 2011 में अर्जुन पुरस्कार और 2019 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

### छेत्री की उपलब्धि

छेत्री ने अपने शानदार करियर में छह बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर छेत्री 2008 में एएफसी चैलेंज कप, 2011 और 2015 में एसएएफएफ चैंपियनशिप, 2007, 2009 और 2012 में नेहरू कप के साथ-साथ 2017 में इंटरकांटिनेंटल कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों का हिस्सा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### भारत के लिए तीसरे नंबर पर खेलेंगे पंत

**न्यूयॉर्क।** भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। राठौड़ ने मैच के बाद कहा, ‘पंत शानदार बल्लेबाजी कर रहा है। दोनों मैचों (अभ्यास मैच और आयरलैंड मैच) में उसने अच्छी बल्लेबाजी की। इस समय हमारे लिए तीसरे नंबर का बल्लेबाज वही है और उसके खब्बू बल्लेबाज होने से फायदा मिल रहा है।’

### कारुआना से होगा प्रज्ञानानंदा का सामना



**स्टावेंजर।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवे दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना से खेलेंगे। भारत के प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल से दो मैच और आर्मागेडोन से दो मैच जीते और वह तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। उन्होंने क्लासिकल में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को और कारुआना को हराया था। कार्लसन 14.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के हिकारू नकामूरा उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## टी20 विश्व कप : स्टोइनिस और वॉर्नर ने 64 गेंद में 102 रन जोड़े

# आस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया, स्टोइनिस की तूफानी फिफ्टी

एजेंसी ⏭ ब्रिजटाउन

मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैंपियन आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप में अपने अभियान का आगाज गुरुवार को ओमान पर 39 रन से जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए जिसकी मदद से आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिए जाने के बाद आस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। एलिस ने कश्यप प्रजापति (सात) को पगबाधा आउट किया जिस पर ओमान ने रिव्यू लिया लेकिन नाकामी हाथ लगी। स्टोइनिस ने पावरप्ले की आखिरी गेंद पर ओमान के कप्तान आकिब इलयास (18) को आउट किया जिनका कैच विकेट के पीछे मैथ्यू वेड ने लपका। स्टोइनिस ने जीशान मकसूद (1) को आठवें ओवर में पवेलियन भेजा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए।




### युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को हराया




प्रोविडेंस। युगांडा ने टी20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज करते हुए पापुआ न्यू गिनी को कम स्कोर वाले मैच में तीन विकेट से हराया। युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को 77 रन पर आउट कर दिया लेकिन जवाब में उसके पांच विकेट 26 रन पर गिर गए थे। उसने हालांकि 10 गेंद बाकी रहते सात विकेट खोकर 78 रन बना लिए। रियाजत अली ने 33 रन बनाए लेकिन कोई और बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका। उन्हें अपनी पारी में दो जीवनदान मिले और टीम के जीत से तीन रन दूर रहते वह आउट हो गए।

### अमेरिका की ऐतिहासिक जीत, पाकिस्तान की शर्मनाक हार

*डलास। मेजबान अमेरिका ने टी20 विश्व कप 2024 के 11वें मुकाबले में बुधवार को ऐतिहासिक जीत दर्ज की। फुल मेंबर के खिलाफ अमेरिका की यह पहली जीत है। सुपर ओवर में अमेरिका ने पाकिस्तान को हरा दिया। निर्धारित मैच में दोनों टीमों ने 159-159 रन बनाए। इसके बाद सुपर ओवर खेला गया। अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 18 रन बनाए और पाकिस्तान को 19 रन का टारगेट दिया। जवाब में पाक टीम एक विकेट पर 13 रन ही बना सकी और अमेरिका ने मैच 5 रन से जीत लिया। यह मैच डलास के ग्रांड प्रेयरी स्टेडियम में खेला गया। टूर्नामेंट में अमेरिका ने अपने पहले मैच में कनाडा को 7 विकेट से हराया था। दूसरी ओर पाकिस्तान का यह पहला मैच था। पाकिस्तान और अमेरिका टी20 में पहली बार आमने-सामने थे।*

# लक्ष्य सेन क्वार्टर में पहुंचे त्रिसा और गायत्री बाहर



एजेंसी ⏭ जकार्ता

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में 21-9, 21-15 से जीत दर्ज की।

त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गई। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों 21-19, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली ने 21-13, 19-21, 21-13 से हराया जिससे महिला युगल में भारत की चुनौती खत्म हो गई। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी। पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत का सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

### आईसीसी ने पाकिस्तानी टीम का होटल बदला

**इस्लामाबाद।** आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत के बाद पाकिस्तान टीम का न्यूयॉर्क में होटल बदल दिया है। पीसीबी ने शिकायत की थी कि टी20 विश्व कप के दौरान होटल से स्टेडियम जाने में 90 मिनट का समय लगता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी के दखल के बाद पाकिस्तान टीम को दूसरे होटल में भेज दिया गया जो मैदान से सिर्फ पांच मिनट की दूरी पर है। पाकिस्तान को रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से खेलना है और 11 जून को कनाडा से सामना होगा।

### पावरलिफ्टर संदीप पर डोपिंग मामले में दस साल का प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल ने पावरलिफ्टर संदीप कौर पर प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के दूसरे अपराध के कारण दस साल का प्रतिबंध लगा दिया है। पंजाब की 31 वर्ष की पावरलिफ्टर संदीप पर डोपिंग के दूसरे अपराध के लिए आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया और अतिरिक्त दो साल उनके नमूनों में कई प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने के कारण लगाया गया है। पहली बार उन्हें 2019 में स्टानोजोलोल के सेवन का दोषी पाया गया था। कौर पिछले साल अगस्त में ही चार साल के प्रतिबंध के बाद लौटी है । वह उत्तराखंड के काशीपुर में राष्ट्रीय सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में ओपन 69 किलो वर्ग में तीसरे स्थान पर रही थी। प्रतिस्पर्धा के दौरान लिये गए उनके मूत्र के नमूनों में नोरांड्रोस्टेरोन, मेटांडियेनोन और मेफेंटरमाइन के अंश पाए गए।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# रोजर और सिगेमुंड बने फ्रेंच ओपन चैंपियन

एजेंसी ⏭ पेरिस



एडवर्ड रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया।

सिगेमुंड इससे पहले 2016 में अलग जोड़ीदार के साथ अमेरिकी ओपन का मिश्रित युगल ओर 2020 में महिला युगल खिताब जीत चुकी हैं। चालीस साल के रोजर-वेसेलिन का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है। फ्रेंच ओपन में अपना चौथा खिताब जीतने की कवायद में लगी स्वियातेक ने तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ को 6-2, 6-4 से पराजित किया। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाओलिनी से होगा।

### बोपन्ना-एबडेन सेमीफाइनल में हारे

*भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन गुरुवार को यहां सेमीफाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी की जोड़ी से हारकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। बोपन्ना और एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को बोलेली और वावस्सोरी की इटली की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 5-7, 6-2, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133




# आकाशीय बिजली ने किया राम मंदिर शिखर का स्पर्श




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

आज शाम लगभग चार बजे नगर में जमकर वर्षा हुई। साथ ही तेज हवा के साथ आकाशीय बिजली कड़कती रही। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी ओमप्रकाश टाबरी ने बताया कि नगर के सबसे प्राचीन राममंदिर के पीछे हो रहे भव्य राममंदिर के ठीक शिखर बिंदु पर आकाशीय बिजली ने स्पर्श किया। जिसे नगरवासियों ने स्पष्ट रूप से ना सिर्फ देखा, अपितु फोटो भी खींचा। भूमि से 60 फुट ऊंचाई पर है मंदिर का शिखर बिंदु। अधिक ऊंचाई होने के कारण इस पर तड़ित चालक भी लगाया जाएगा। आज की घटना को ईश्वरीय ऊर्जा से जोड़कर देखा जा रहा है। इस पर राम मंदिर के पुजारी उमा शंकर तिवारी ने चर्चा में बताया कि आकाशीय बिजली का मंदिर के शिखर बिंदु का स्पर्श धार्मिक रूप से काफी अच्छा माना जाता है। बता दे कि कोंडागांव क्षेत्र के सबसे पुराने राम मंदिर का जन सहयोग से भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें लगभग 6 माह बाद मूर्तियों की स्थापना की जानी है।

# सालों तक दुनिया की नजर से छिपी थी ये जनजाति

**मॉडर्न बनाने के लिए लगाया इंटरनेट, अब देखने लगे गंदी चीजें**

एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनियाभर में कई ऐसी जनजातियां हैं, जो आज भी मुख्यधारा से कटी हुई है। ये खुद को दुनिया की नजरों से छुपा कर रखते हैं। इनमें से कुछ ट्राइब्स के लोग बेहद खतरनाक होते हैं, तो कुछ लोग बाहरी दुनिया के संपर्क में होते हैं। बड़े-बड़े एनजीओ से लेकर देश की सरकारें तक इनको मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन ज्यादातर जनजातियां इसे नकार देती हैं। ऐसे में उन जंगलों के बीच में ही इन्हें जरूरी सामान मुहैया करा दिया जाता है, ताकि इनकी जिंदगी सरल हो सके। ऐसी ही एक जनजाति अमेजन के जंगलों में रहने वाली मारुबो ट्राइब्स है। इनकी जिंदगी को आसान और मॉडर्न बनाने के उदेश्य से एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने इन्हें इंटरनेट उपलब्ध कराया, लेकिन यहां के लोग इंटरनेट का इस्तेमाल किसी और काम में करने लगे।

बताया जाता है कि एलन मस्क के स्टारलिंक उपग्रहों के माध्यम से इन तक इंटरनेट तक पहुंचाने के बाद अमेजन वर्षावन में एक मारुबो जनजाति अब गंदी-गंदी फिल्में देखने और सोशल मीडिया साइटों को स्क्रॉल करने की आदी हो गई है। इतना ही नहीं, ब्राजील में इतुई नदी के किनारे बिखरी बस्तियों में रहने वाले मारुबो ट्राइब्स के स्थानीय लोग भी तेजी से ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। शुरुआती दौर में इस जनजाति के लोगों ने इंटरनेट का बहुत सही इस्तेमाल किया, इसके महत्व को भी समझा। उन्हें तुरंत पता चल गया कि इंटरनेट के जरिए दूर रहकर भी परिवार और दोस्तों से संपर्क किया जा सकता है। लेकिन धीरे-धीरे यहां के लोगों एक और परेशानी ने घेर लिया।



## इंटरनेट आने से पहले सभी खुश थे

जनजाति के एक अन्य सदस्य अल्फ्रेडो मारुबो ने बताया कि कैसे डर्टी फिल्में देखने से स्थानीय लोगों, विशेषकर युवा पुरुषों और महिलाओं का सेक्सुअल बिहेव बदलने लगा है। ये लोग अब ग्रुप चैट में अश्लील तस्वीरें और स्पष्ट वीडियो भी शेयर करने लगे हैं। एक अन्य शख्स ने कहा कि जब हमारे बीच इंटरनेट आया तो हम सभी खुश थे, लेकिन अब हालात बदतर होते जा रहे हैं। यहां के लोग हमारी परंपरा को छोड़कर बाहरी दुनिया के तौर-तरीके अपना रहे हैं, जो बिल्कुल ठीक नहीं है।

## हमेशा चिपके रहते हैं फोन से

दरअसल, इंटरनेट की वजह से यहां के लोग आलसी होने लगे। मारुबो के बुजुर्ग लोगों का कहना है कि उनके समुदाय के लोगों का मन अब काम में नहीं लगता है। वे हमेशा फोन से चिपके रहते हैं। युवा वर्ग डर्टी मूवीज के साथ-साथ इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया साइटों पर अश्लील स्क्रॉलिंग के भी आदी हो गए हैं। 40 वर्षीय एनोके मारुबो ने न्यूयॉर्क टाइम्स के संवाददाताओं को बताया कि इंटरनेट की वजह से हमारी दिनचर्या पूरी तरह बदल रही है। लोग काम करना नहीं चाहते। ऐसे में अगर ये लोग शिकार नहीं करेंगे, मछली नहीं पकड़ेंगे, पेड़-पौधे नहीं लगाएंगे तो खाना कैसे खाएंगे?

# एक नंबर की दो गाड़ियों से 60 लाख के गांजे की तस्करी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक नंबर की दो वाहनों में अवैध रूप से गांजा की तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों से गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत 60 लाख रुपए बताई गई है।

घटना का खुलासा करते एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि क्राइम ब्रांच और जामुल पुलिस को सूचना मिली कि दो वाहनों का एक ही नंबर से गांजा तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने तुरंत बोगदा पुल के पास नंदिनी की ओर आती टाटा मिनी ट्रक क्रमांक सीजी-07-सीएम-2874 को रोकने वका प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन को भगाने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन में चालक समेत 2 अन्य बैठे हुए मिले। पूछताछ करने पर घासीदास नगर निवासी सोनू डहरिया, शिव कुमार टण्डन और खिलावन यादव नाम बताया गया।

## 60 लाख आंकी गई कीमत

आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने वाहन समेत गांजा की कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी है। आरोपियों को पकड़ने सीएसपी हरीश पाटिल के मार्गदर्शन में एसीसीयी प्रभारी कपिल देव पाण्डेय और जामुल टीआई केशव कोसले की टीम ने कार्रवाई किया है। मौके पर एएसपी क्राइम रिचा मिश्रा समेत अन्य पुलिस अफसर मौजूद थे।

## कोयले के बोरे के बीच छिपाकर कर रहे तस्करी

पुलिस ने जब वाहन मिनी ट्रक में भरे कोयले के बोरों के बीच छिपाकर काले रंग के 5 प्लास्टिक के बोरों में 150 किलो ग्राम गांजा जब्त किया। आरोपियों पुलिस को बताया कि गांजा को ओडिशा से मेटाडोर के माध्यम से चोर रास्तों से लेकर आना स्वीकार किया। आरोपियों द्वारा अन्य वाहन महेन्द्रा पिकअप सीजी-07-सीके-8551, सीजी-07-सीजे-8751, स्कोडा कार सीजी-07-एमबी-2167, महिन्द्रा एसयूवी 500 सीजी-13-यूसी-7111 को खरीद कर गांजा का परिवहन कर उपयोग में लाया जा रहा था।




# खूबसूरती ने बर्बाद कर दी ज़िंदगी

**न्यूयॉर्क।** आमतौर पर तो हर किसी की ही चाहत होती है कि वो देखने में खूबसूरत लगे। हालांकि ऐसा भी है कई बार यही सुंदरता किसी के लिए वरदान के बजाय अभिशाप बन जाती है। एक लड़की का ऐसा ही दावा है एक लड़की का, जिसके लिए सुंदर होना फायदे से ज्यादा नुकसान देता रहा। न तो कोई उसका दोस्त बनना चाहता था न ही ब्वॉयफ्रेंड। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक सोशल मीडिया पर एक लड़की ने बताया है कि उसे अपनी खूबसूरती की वजह से खासा नुकसान हुआ। उसकी शिकायतें सुनकर आप दंग रह जाएंगे। क्योंकि, आमतौर पर किसी का सुंदर होना उसकी काबिलियत दिखाए या न दिखाए लेकिन इसका फायदा पहली नज़र में तो मिलता ही है। इस लड़की का दावा तो इससे उलट है। एश्ले नाम की लड़की ने बताया कि वो अपनी ज़िंदगी में अकेली है, जिसकी वजह उसका सुंदर होना है। उसका दावा है कि खूबसूरती की वजह से मर्द उससे डर जाते हैं और उसे एप्रोच नहीं करते।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com